CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मेरठ, रविवार 1 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 242 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 12 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




केंद्रीय बजट 2026-27 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद पेज 2



रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता खेल टाइम्स



बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला,10 पुलिसकर्मियों की मौत पेज 11



शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा बॉलीवुड

# अजित पवार के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

मुंबई/बारामती, वार्ता

**अजित पवार की** पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की चार दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।मुंबई में सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के बीच सांसद सुप्रिया सुले अजित पवार की मां आशाताई पवार से मिलने के लिए काटेवाड़ी पहुंचीं। प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, छगन भुजबल और अन्य नेता व महाराष्ट्र विधान परिषद की डिप्टी चेयरपर्सन डा. नीलम गोर्हे सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए लोक भवन पहुंचीं। सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद एनसीपी नेताओं ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया है। अब हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे, सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी। पार्थ पवार ने बारामती में शरद पवार के घर जाकर उन्हें मनाया।



- महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम
- महज 12 मिनट में हुआ शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

### मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

# चांदी 1.28 लाख रुपये हुई सस्ती व सोना भी 40 हजार टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चांदी ऑल-टाइम हाई से घटकर 1.28 लाख सस्ती हो गई, सोना भी 40,000 टूट गया। जानकारों के अनुसार सोने-चांदी में वापसी की पूरी संभावना है। दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में बीते 2 दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है।

31 जनवरी को भी इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं । हालांकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शनिवार को बंद था। एमसीएक्स में ट्रेडिंग शनिवार और रविवार को नहीं होती है। एक फरवरी को एमसीएक्स खुला रहेगा, लेकिन पिछले दो सेशन के आंकड़े साफ बता रहे हैं कि सोना-चांदी में आई हालिया तेजी के बाद अब तेज करेक्शन देखने को मिल रहा है। रॉकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम बजट से पहले अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। इसलिए सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस रविवार 1 फरवरी को गोल्ड से जुड़े कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं? दिल्ली और नोएडा के सर्राफा बाजार में 31 जनवरी, 2026 को हलचल मची हुई है। दिल्ली में सोना 1,50,430 प्रति दस ग्राम और चांदी 2,91,770 प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। ऑल इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट योगेश सिंघल कहते हैं कि नए निवेशकों के लिए यही समय है खरीदारी करने का, लेकिन सोने और चांदी के भाव फिलहाल अभी स्थिर नहीं रहेंगे और ये बहुत ज्यादा गिरेंगे भी नहीं। लेकिन जिन लोगों ने सोना और चांदी खरीद रखी है वो अभी होल्ड करें। अब सर्राफा कारोबारियों और आम जनता की नजरें एक फरवरी के बजट पर टिकी हैं।



- दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में दो दिनों से भारी गिरावट दर्ज

## संक्षिप्त समाचार

### कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री, यूपी में कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शनिवार को भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बार्डर के पास तापमान माइनस 35 डिग्री रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है। यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं।

### आज पेश होगा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण भी होगा, क्योंकि निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली भारत की पहली वित्त मंत्री बनेंगी। इस बार बजट का दिन थोड़ा खास है क्योंकि एक फरवरी को रविवार की छुट्टी होने के बावजूद बजट पेश किया जा रहा है। अगर समय की बात करें, तो साल 2017 से ही बजट का समय शाम 5 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया गया था।

### केन्द्र में आईजी के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। मंत्रालय के 28 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा।

# ऑटिज्म के इलाज में स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक, इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है। पीठ ने कहा कि स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को 'ड्रग' की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वत: वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया कि हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता। चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डाक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें। यदि कोई चिकित्सक ऐसा उपचार देता है, जिसके पक्ष में विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं या जिसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थाएं स्पष्ट रूप से अनुशंसित नहीं करतीं, तो वह उचित चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन माना जाएगा। न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड की 6 दिसम्बर 2022 की सिफारिशों, राष्ट्रीय स्टेम सेल अनुसंधान दिशानिर्देश, -शेष पृष्ठ दो पर



- यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला
- शीर्ष अदालत बोली:ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं

# 2020 के दिल्ली दंगे: आगजनी और दंगे का आरोपी फैजान बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान दंगे और आगजनी के आरोपी फैजान को बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह आरोपी फैजान उर्फ आर्यन के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। फैजान पर 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान ब्रिजपुरी रोड स्थित अरुण माडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आग लगाने का आरोप था। अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। 28 जनवरी को जारी आदेश में अदालत ने कहा कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, मैं यह पाता हूं कि अभियोजन पक्ष के गवाह (पीडब्ल्यू2 कांस्टेबल पीयूष) की एकमात्र गवाही पर भरोसा करना अत्यंत असुरक्षित होगा। इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला है कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है और आरोपी संदेह के लाभ का हकदार है। फैजान पर आरोप था कि वह 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से स्कूल में तोड़फोड़ करने और आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा था, जिससे एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। अभियोजन पक्ष का दावा था कि करीब 200 लोगों ने जबरन परिसर में प्रवेश किया, संपत्ति और वाहनों को नुकसान पहुंचाया और इमारत में आग लगा दी। इस मामले में शुरुआत में फैजान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके दो सह-आरोपियों को फरवरी 2025 में बरी कर दिया गया था। फैजान को 2022 में फरार होने के बाद घोषित अपराधी घोषित किया गया था। उसे अगस्त 2025 में गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ अलग से मुकदमा चला। अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



- अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा: एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा

# भारत ने जीती टी-20 सीरीज

**तिरुवनंतपुरम।** भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से पांचवां टी-20 हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भारत ने बैटिंग चुनी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बना दिया।

ईशान ने 42 गेंद पर संेचुरी लगाई और टीम ने 271 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। न्यूजीलैंड ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 225 रन ही बना सकी। फिन एलन ने 38 गेंद पर 80 रन बनाए। भारत की ओर से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लिए। अक्षर पटेल को 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती और रिंकू सिंह ने 1-1 विकेट लिया। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने तीसरा सबसे बड़ा टोटल तैयार किया। भारत ने इस मुकाबले में पांच विकेट पर 271 रन बनाए। 3-1 से सीरीज अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम ने पांचवें मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने 271 रनों का स्कोर बनाकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। यह भारत का बांग्लादेश (297/6) और श्रीलंका (283/1) के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने अपना सबसे बड़ा स्कोर भी बना लिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले में ईशान किशन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का पहला टी-20 शतक जड़कर इतिहास रच दिया बल्लेबाज ने सिर्फ 42 गेंदों में 103 रनों की विस्फोटक पारी खेली। अपनी पारी में ईशान ने 6 चौके, 10 लंबे छक्के लगाए।

- न्यूजीलैंड को पांचवां टी-20 मुकाबला 46 रन से हराया, भारत का तीसरा सबसे बड़ा टी-20 स्कोर, ईशान का पहला शतक

# मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण

**कोच्चि (केरल)।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपति को राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है। जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी।

बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है, तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी। कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए।




- केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला, गर्भपात से अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि

# बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए होंगे बाहर: शाह

कोलकाता, वार्ता

**गृहमंत्री अमित शाह** ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। शाह ने कहा कि साल 2026 टीएमसी को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था। 2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। जितने भी लोग आजादी के संघर्ष में शहीद हुए, जिन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया, उनका आखिरी शब्द भी वंदे मातरम् ही था। मोदी सरकार ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे देश में मनाने का निर्णय लिया है। मगर विडंबना देखिए कि वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल की माटी से हुआ, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने किया। उसी वंदे मातरम् पर जब संसद में चर्चा हो रही थी, तो ममता बनर्जी के सांसद उस चर्चा का विरोध कर रहे थे।

- कहा: जो रह जाएंगे उनको भाजपा का सीएम निकाल देगा, ये साल टीएमसी की विदाई का है



# कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने आईटी रेड के दौरान गोली मारकर की खुदकुशी

**बेंगलुरु।** कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे राय ने संेट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। राय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। राय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपये थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रायस भी शामिल हैं।

- कुल मिलाकर 9000 करोड़ रुपये की संपत्ति, प्राइवेट जेट, 200 से ज्यादा कारों के मालिक थे सीजे राय

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा सुरक्षा बल ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंडरा रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर कई राउंड फायरिग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने चिलियारी पोस्ट के पास संदिग्ध ड्रोन की हलचल देखी। उन्होंने बताया कि उन्होंने उड़ने वाली चीज को भारतीय इलाके में घुसते देख कई राउंड फायरिग की और उसे पाकिस्तान की तरफ वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया कि ड्रोन ने इलाके में कोई सामान न गिराया हो। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी पूरे दिन जारी रही, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार को उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डा. अजय ने बताया कि अमिताभ ठाकुर को पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया। सर्जरी विभाग के डा. राकेश कुमार एवं उनकी टीम उनका उपचार कर रही है। प्रारंभिक जांच में पेट दर्द का कारण अपेंडिक्स से संबंधित बताया जा रहा है। उनका अल्ट्रासाउंड और रक्त जांच कराई गई है तथा सीटी स्कैन भी कराया जा रहा है।

# केंद्रीय बजट 2027 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी संसद में बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 से बड़ी राहत और अतिरिक्त संसाधनों के मिलने की उम्मीद है।

दरअसल 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में राज्य को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं और वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पहले से अधिक राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है। राज्य के वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवंटन और वित्त आयोग के प्रावधानों से राज्य को उल्लेखनीय लाभ मिल सकता है। यह राशि उन परियोजना आधारित मांगों के अतिरिक्त होगी, जिन्हें प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई प्री-बजट बैठक में रखा था। दरअसल 10 जनवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ हुई राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक में उत्तर प्रदेश ने लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो रेल विस्तार, नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क, पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रमुख रूप से मांग रखी थी। इन परियोजनाओं के लिए राज्य ने कुल 32,075 करोड़ की आवश्यकता जताई है। शासन में बैठे सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय करों और शुल्कों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी वर्ष 2025-26 में लगभग 2.55 लाख करोड़ से बढ़कर 2026-27 में 2. 80 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। वर्ष 2024 से 2025 के बीच राज्य की हिस्सेदारी में 36,285.37 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 2,18,886.84 करोड़ से बढ़कर 2,55,172.21 करोड़ हो गई। वरिष्ठ अधिकारी की मानें, तो इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश को मिलने वाला आवंटन भी बढ़ सकता है। बीते वर्ष यह राशि करीब 96,000 करोड़ थी, जो आगामी बजट में 1 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

## एक तरफ बजट, तो दूसरी तरफ आधार वर्ष में बदलाव करना नीतिगत समन्वय में कमी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की पूर्व संध्या पर सांख्यिकीय आंकड़ों के जारी होने के समय को लेकर गंभीर चिताएं जताते हुए कहा है कि बजट के वित्तीय अनुमान पुरानी गणनाओं पर आधारित हो सकते हैं, क्योंकि बजट पेश होने के मात्र कुछ ही दिनों के भीतर देश की विकास दर (जीडीपी) और महंगाई दर (सीपीआई) के गणना आधार (बेस ईयर) में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर चिता का साझा करते हुए कहा कि आधार वर्ष में इस बदलाव से बजट के प्रमुख आंकड़ों, जैसे कि राजकोषीय घाटा और विकास दर के लक्ष्यों में भारी विसंगति पैदा हो सकती है। इसे नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समन्वय की कमी आ सकती है, जिससे बजट के वास्तविक प्रभाव का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने लिखा कि बजट के कई आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में पेश होंगे, लेकिन कुछ दिनों बाद ही 2022-23 को आधार वर्ष मानकर नई जीडीपी शृंखला जारी होने वाली है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रविवार को पेश किए जाने वाले बजट के आंकड़ों में इसके तुरंत बाद संशोधन किया जाएगा?

# आगरा में खून से लाल हुई सड़क, पांच की मौत

आगरा, वार्ता

■ बेकाबू कंटेनर ने ऑटो में मारी टक्कर

खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक बेकाबू कंटेनर ने 2 ऑटो में टक्कर मारी, इससे चीख पुकार मच गई। हादसे में दोनों ऑटो में सवार 8 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राहगीरों ने लोगों को ऑटो से बाहर निकाला।

सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सकों ने 5 घायलों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा शनिवार सुबह करीब 11 बजे का है। खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर नगला चंदन के पास बेकाबू कंटेनर ने सवारियों से भरे 2 ऑटो में टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर से दोनों ऑटो सड़क किनारे करीब 50 फीट दूर एक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जाकर पलट गए, जिसमें चीख पुकार मच गई। ऑटो में सवार लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, इसके साथ ही हाथ और पैर में भी गंभीर चोटें हैं। हादसे में एक ऑटो की छत उड़ गई, तो दूसरा ऑटो दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद राहीगरों ने कंटेनर चालक को पकड़कर जमकर धुना। सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई।

# डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी टकरा रहेः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा- ये तो अभी केवल सैम्पल मात्र है

**लखनऊ।** महोबा में पानी संकट के मुद्दे पर बीजेपी विधायक के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोकने पर अब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं।

महोबा जिल में बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत अपने क्षेत्र की बदहाल सड़कों और पीनी की समस्या को लेकर नाराज चल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को उन्होंने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोक दिया । इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक नोकझोंक देखने के मिला। अब इसपर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया है। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने महोबा की घटना पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के विधायक बृजभूषण राजपूत ने अधूरे कार्यों को लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाया। हमने तो पहले ही कहा था कि बीजेपी के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सत्ता पटरी से उतर गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स पोस्ट के जरीए इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनहोंने कैप्शन में लिखा, 'महा समाचार : स्वतंत्र बने बंधक! साथ ही कहा कि पैसे कमाने और जमीन कब्जाने में लगे भाजपा के मंत्री हों या विधायक, इनमें से कोई भी जनता या विकास का काम नहीं कर रहे हैं। इसीलिए जनता के गुस्से से बचने के लिए दोषारोपण कर रहे हैं।

## आधार वेरिफिकेशन के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

# उत्तर प्रदेश में अब लैंड स्कैम से मिलेगी मुक्ति

रायबरेली, वार्ता




■ दो फरवरी से लागू हो जाएगा सिस्टम, ऐसे करना होगा अप्लाई

■ एक फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए

यूपी में अब जमीन का पंजीकरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत उप निबंधक कार्यालय से कर दी गई है। शनिवार को सब रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने इस नई व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की। उप निबंधक बृजेश पाठक ने बताया कि आधार बेस्ड पंजीकरण प्रक्रिया के तहत अब तक उनके कार्यालय में 7 जमीनों का रेजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। ये प्रक्रिया फिलहाल प्रारंभिक स्टेज में है, लेकिन सोमवार से इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

बृजेश पाठक ने कहा कि शासन का सर्कुलर आया है, जिसमें 1 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरीफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रेजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि 1 फरवरी को रविवार है, इसलिए उस दिन कोई कार्य नहीं होगा, लेकिन 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में ये लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने और बेचने वाले के लिए जब कोई आवेदन करेगा, तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या न के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा, जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी भरने से आधार से सत्यापित हो जाएगा, उसका आवे. दन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा। जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा, तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी। जिस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा, उससे वह मैच करता है, तो आधार वेरीफाइड हो जाएगा। आधार वेरीफाइड होने के बाद ही हम अंगूठा इंप्रेशन लेंगे और फोटो खींचेंगे और बिलिंग का पंजीकरण कर देंगे। इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था, तो वह फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने यह प्रभावी कदम उठाया है। पाठक ने बताया कि हमारे कार्यालय में मॉडल के रूप में अभिलेखों का आवेदन कराया गया है, जिसमें 7 अभिलेखों का ट्रायल हमने सफलतापूर्वक किया है। जिसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई है।

एनआईसी केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देखरेख में यह संपन्न हुआ है, ये ट्रायल हमारा कामयाब रहा। पाठक ने बताया कि आधार से पंजीकरण होने से जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और फर्जीवाड़े से मुक्त होगी। इससे दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी और बेनामी लेन-देन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

## पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाना उद्देश्य

शासन का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। उप निबंधक कार्यालय में इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आम लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश




चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# बजट घोषणाओं से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अब निवेशकों को बजट और वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगी। देखना यह है कि बजट की घोषणाएं निवेशकों को रास आती हैं या नहीं। इसके अलावा जनवरी के विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक और वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी अगले सप्ताह जारी होने वाले हैं। बाजार पर इन सभी का असर दिखेगा। साथ ही वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल और तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरणों से भी निवेश धारणा प्रभावित होगी। बीते सप्ताह 26 जनवरी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले तीन दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि शुक्रवार को ए लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 732.08 अंक (0.90 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 82,269. 78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 272 अंक यानी 1.09 अंक मजबूत हुआ और शुक्रवार को 25,320.65 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 3.22 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 से शेयर पिछले सप्ताह मजबूत हुए, जबकि अन्य 13 के लाल निशान में रहे। बीईएल में सबसे अधिक 9.54 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि एशियन पेंट्स में 10.12 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट रही। ज्यादातर बैंकों एवं वित्तीय कंपनियों में लिवाली को जोर रहा। एक्सिस बैंक का शेयर 8.74 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 4.68, एचडीएफसी बैंक का 1.43, आईसीआईसीआई बैंक का 0.87, बजाज फाइनेंस का 0.29 और बजाज फिनसर्व का 0.24 प्रतिशत चढ़ा।

## रामसर सूची में दो नई आर्द्रभूमि शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस से एक दिन पहले आज रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्रभूमियों को शामिल करने की घोषणा की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ जिले में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। मोदी ने यादव की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है।

# चावल, सस्ता, गेहूं महंगा, खाद्य तेल, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए, जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 रुपये और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल 88 रुपये और सूरजमुखी तेल 79 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 36 रुपये और सरसों तेल की 35 रुपये बढ़ गई।

पाम ऑयल 18 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7755. 67 रुपये, मसूर काली 8072.25 रुपये, मूंग दाल 10100.66 रुपये, उड़द दाल 10518.54 रुपये, तुअर दाल 10781.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2866.17 रुपये और चावल 3810.12 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3327.96 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.64 रुपये और गुड़ 4980.50 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17677.06 रुपये, मूंगफली तेल 17897.11 रुपये, सूरजमुखी तेल 16313.80 रुपये, सोया तेल 13980.95 रुपये, पाम ऑयल 12608.99 रुपये और वनस्पति 14555.22 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# नहीं चलेंगे समाज को बांटने वाले कानून

**कानपुर।** पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताते हुए एक बार फिर हुंकार भरी और कहा कि समाज को बांटने वाले कानून, जैसे यूजीसी और एससी/एसटी एक्ट, अब नहीं चलेंगे।

सवर्ण समाज जाग चुका है और किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए विभाजनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री इस्तीफा देने के बाद शनिवार को अपने घर कानपुर पहुंचे। वहां उनके परिजनों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अलंकार अग्निहोत्री के गाड़ी से उतरते ही लोग 'शेर आया' के नारे लगाने लगे। समर्थकों से मिलने के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने एक बार फिर प्रदेश और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी भारत को लूटने के लिए आई थी, ठीक उसी प्रकार भारत सरकार लूट रही है। उन्होंने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताया, इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार को ललकारते हुए कहा कि सवर्ण समाज अब जाग गया है। अलंकार अग्निहोत्री के घर पहुंचने पर उनकी मां समेत सभी परिजनों ने स्वागत किया।

## कफ सिरप माफिया की 5.77 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** अवैध नशीले कोडीन युक्त कफ सिरप के मुख्य तस्कर भोला प्रसाद जायसवाल एवं उसके संगठित गिरोह द्वारा अर्जित 5.77 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर लिया गया है। सोनभद्र पुलिस की यह कार्रवाई संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया कि इससे पूर्व 23 जनवरी 2026 को अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल की 28.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की गई थीं। इसी क्रम में शनिवार को मड़ौली एवं भरलाई (तहसील सदर, सोनभद्र) तथा जगदीशपुर (तहसील पिडरा, जनपद वाराणसी) स्थित मुख्य अभियुक्त और उसके परिजनों की सात अचल संपत्तियां, जिनकी अनुमानित कीमत 4,55,02,762 रुपये है, कुर्क की गईं।

# कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक

## अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 2026 का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

फरीदाबाद, वार्ता



शनिवार से सूरजकुंड मेले का आगाज हो गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मेला साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए मेले की सारी जानकारी मिल सकेगी, जैसे कि कहां किस चीज का स्टॉल लगा है, कहां पार्किंग है, कहां खाने के स्टॉल है। इस तरह की सारी जानकारी मोबाइल ऐप से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक हैं।

मेले के शुभारंभ के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मेले परिसर में हरियाणा के अपना घर पवेलियन का दौरा किया, जहां हरियाणवी पगड़ी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया। उपराष्ट्रपति ने मेले के थीम स्टेट मेघालय के स्टॉलों का अवलोकन कर शिल्पकारों से संवाद किया तथा उनके हुनर की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मेले में सहभागी विभिन्न देशों और राज्यों की सांस्कृतिक विधाओं का अवलोकन कर कलाकारों एवं शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने उपराष्ट्रपति को पांचजन्य शंख और महाभारत के दृश्य को दर्शाती एक आकर्षक पेंटिंग भेंट की। मेले को उद्घाटन के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला दशकों से भारत की सांस्कृतिक आत्मा, कलात्मक उत्कृष्टता और सभ्यतागत निरंतरता का जीवंत प्रतीक रहा है। ये उत्सव वसुधैव कुटुंबकम के उस शाश्वत भारतीय दर्शन को साकार करता है, जिसमें पूरी दुनिया को एक परिवार माना गया है। ये मेला निर्माण करने वाले हाथों, नवाचार से भरे मस्तिष्कों और हमारी पहचान गढ़ने वाली परंपराओं को एक साझा मंच पर एकत्रित करता है। पिछले लगभग चार दशकों से ये आयोजन हमारे कारीगरों, बुनकरों, मूर्तिकारों, चित्रकारों और लोक कलाकारों को वैश्विक पहचान दिला रहा है, जिनमें से अनेक पीढ़ियों से चली आ रही कलाओं को जीवित रखे हुए हैं। इस वर्ष आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित दृष्टिकोण ने मेले के महत्व को और भी गहन बना दिया है, क्योंकि हमारे कारीगर सदियों पुराने ज्ञान के संरक्षक हैं और उन्हें सशक्त बनाना एक समावेशी, सशक्त और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नींव है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र को राष्ट्रीय पुनर्जागरण के केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जैसे परिवर्तनकारी प्रयासों ने कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता और बाज़ार से जुड़ाव प्रदान कर पूरे इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ओटिज्म इलाज....** 2017, तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि इन सभी दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को नियमित उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं किया गया है और इसे केवल स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के तहत ही किया जा सकता है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ नाथ, श्री प्रतीक के. चड्ढा, असजद हुसैन, अनुनय चौधरी, श्रीकर येचुरी और श्री अनिकेत चौहान ने पक्ष रखा।

**2020 के...** ने प्राथमिकी दर्ज करने में हुई अस्पष्टीकृत देरी और जांच एजेंसी द्वारा मौके पर कथित रूप से मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों की जांच न किए जाने का भी उल्लेख किया अदालत ने कहा कि इन विरोधाभासों के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, और जोड़ा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है इसलिए, अदालत ने आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# दुष्कर्म पीड़ित किशोरी का नम आंखों के साथ भारी पुलिस बल के बीच हुआ अंतिम संस्कार

## कई थानों की फोर्स ने संभाला मोर्चा, गाव में तनाव का माहौल, मीडियाकर्मियों के जाने पर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव महमूदपुर सिखेड़ा निवासी 16 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया था किशोरी की तीन दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिसमें किशोरी का पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रात्रि एक बजे उसका शव गांव में पहुंचा। गांव में शनिवार की सुबह परिजनों के साथ मिलकर कुछ लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया और शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया।

सूचना पर पहुंचे एसपी देहात एवं एसडीएम एवं सीओ मवाना कई थानों की पुलिस फोर्स को साथ लेकर मौके पर पहुंचे जहां परिजनों को आरोपियों की गिरफ्तारी एवं दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का आश्वासन दिया। उसके बाद परिजनों ने किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया।



### गांव में रहा तनावपूर्ण माहौल

बताते चले की 26 जनवरी की रात गांव का ही आरोपी अनुज सैनी किशोरी को पहले बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म कर फरार हो गया था। बाद में आरोपी की मां ने किशोरी को उसके घर पहुंचा था इसके बाद परिजनो ने किशोरी को मेरठ मेडिकल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था जहां किशोरी की हालत गंभीर होने के कारण वेंटिलेटर पर रखा गया था जिसकी शुक्रवार की मध्य रात्रि को मौत हो गई थी। पुलिस ने किशोरी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात्रि एक बजे किशोरी का शव गांव में पहुंचा। शनिवार की सुबह परिजनों के रिश्तेदारो ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे एसपी देहात अभिजीत कुमार एसडीएम मवाना सन्तोष कुमार सीओ मवाना पंकज लवानिया कई थानों की पुलिस फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। एसडीएम मवाना सन्तोष कुमार लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों के आश्वासन पर जैसे ही परिजनों ने किशोरी का शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए चले तो जंगल में कुछ समाजिक लोगों ने रोक लिया और पुलिस की मिली भगत बताकर जमकर हंगामा किया। हंगामे के सूचना पर एसपी देहात अभिजीत कुमार ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। उन्होंने परिजनों से कहा कि दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उसके बाद परिजन शांत हो गये, और किशोरी का शव को लेकर अंत्येष्टि स्थल ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

### आरोपी के घर लटका ताला

दुष्कर्म के आरोपी अनुज सैनी को पुलिस ने गिरफ्तार तो कर लिया है इसमें आरोपी के घर अन्य सदस्य फरार हैं जिसमें उसके घर पर ताला लगा हुआ है। पुलिस हर पलहू पर कार्य कर रही है।

### कई थानों की पुलिस ने गांव को बनाया छावनी

दुष्कर्म पीड़िता मौत के बाद कही कपसाड कांड न हो जाए। इसलिए पूरे गांव को पुलिस फोर्स एवं पीएसी की बटालियन से छावनी बना दिया है। वहीं हर व्यक्ति पर पुलिस ने पैनी नजर बना रखी है।

### गांव में मीडियाकर्मी के जाने पर लगाया प्रतिबंध

महमूदपुर सिखेड़ा में हुए दुष्कर्म के बाद किशोरी की मौत के बाद गांव को छावनी में तब्दील कर दिया लेकिन कुछ अधिकारियों ने गांव में मीडिया को जाने पर रोक लगा दी जैसे तैसे कर मीडिया कर्मी गांव में पहुंचे और हालातों का जायजा लिया।

### सपा के पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि को गांव जाने से रोका

सपा के पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि पीड़िता को सांत्वना देने के लिए जा रहे थे। जिसमें पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों का हवाला देते हुए जाने से रोक दिया। इस दौरान परिजनों ने स्थानीय पुलिस पर आरो. पियों से सांठगांठ करने का आरोप भी लगाया है। दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने कहा कि उसकी बेटी की मौत के बाद आरोपी अनुज कुमार की गिरफ्तारी कर पुलिस ने अपने कार्य की इतिश्री कर दी है। लेकिन वह संतुष्ट नहीं है।

### पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी अनुज को भेजा जेल

सीओ मवाना पंकज लवानिया ने बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। अभी गांव में शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए पुलिस फोर्स लगा रखी है।

### मेरठ पुलिस अपराध रोकने में नाकाम

वैसे तो मेरठ पुलिस अपराध रो. कने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है लेकिन जब कोई घटना घट जाती है तो वह मीडिया को वहां जाने से रोकने के लिए पत्रकारों को घटनास्थल पर जाने से प्रतिबंधित करती है सलावा में भी ऐसा ही देखने को मिला था और दुष्कर्म के इस मामले में भी ऐसा ही देखने को मिला अक्सर मेरठ पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए पत्रकारों को रोकती हैं और सीना चौड़ा करती है लेकिन जनता यह जान गई है की निकम्मी व्यवस्था को ज्यादा दिनों तक छुपाए नहीं जा सकता मेरठ का प्रशासन अपराध रोकने में जब-जब नाकाम होता है तब-तब वह पत्रकारों को घटना की सच्चाई लिखने से रोकती है। और पत्रकारों को घटनास्थल तक पहुंचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

# अनिकेत भारद्वाज बने राष्ट्रीय लोकदल के मेरठ जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोक दल उ.प्र. द्वारा संगठन विस्तार के तहत की गई नई नियुक्तियों में मेरठ जनपद के लिए एडवोकेट अनिकेत भारद्वाज को पार्टी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अनिकेत भारद्वाज मेरठ के निवासी हैं और सामाजिक व राजनी. तिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वह एलएलबी व एलएलएम शिक्षित अधिवक्ता हैं। पार्टी में वे पहले भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वे राष्ट्रीय सचिव युवा लोकदल तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा लोकदल, उ.प्र. के पद पर कार्य कर चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी का उद्देश्य युवाओं को आगे बढ़ाना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिकेत भारद्वाज ने कहा, पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# ईख के खेत में गिरा हाईटेंशन तार, युवक की दर्दनाक मौत

## भाई व मासूम झुलसे, बिजली विभाग की लापरवाही पर फूटा गुस्सा

- बिजलीघर के बाहर रखा शव, किया हंगामा
- संविदा नौकरी की मांग पर अड़े गुस्साएं परिजन



मृतक का फाइल फोटो।





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव रार्धना में शनिवार सुबह बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के बाहर ईख के खेत में ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर खेत में गिर गया। उसी दौरान खेत में गन्ना छील रहे एक युवक की करंट की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका सगा भाई और एक मासूम परिचित झुलसकर घायल हो गए।

शनिवार सुबह अमन सैनी (23) पुत्र ज्ञान सिंह अपने छोटे भाई सागर और रिश्तेदार के बच्चे वंश के साथ ईख के खेत में गन्ना छीलने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर ईख पर आ गिरा, जिससे पूरे खेत में करंट फैल गया। तीनों उसकी चपेट में आ गए। अमन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सागर और वंश किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल पाए।

### घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे। मां-बाप और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि मृतक अमन बी फार्मा का कोर्स कर रहा था और परिवार की उससे काफी उम्मीदें जुड़ी थीं।

### बिजलीघर पर शव रखकर प्रदर्शन

घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव को लेकर भामौरी बिजलीघर पहुंच गए, जहां शव रखकर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार जर्जर तारों की शिकायत की गई, लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। हंगामे के दौरान वहां खड़ी एक स्कूटी में तोड़फोड़ का प्रयास भी किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गुस्साए ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। हालात बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया।

### जेई सस्पेंड, मुआवजे की घोषणा के बाद माने परिजन

प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग के जेई को निलंबित कर दिया। इसके बाद प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को 6.50 लाख रुपये की सरकारी आर्थिक सहायता और 2.50 लाख रुपये मकान निर्माण के लिए देने की घोषणा की गई। इसके साथ ही संविदा नौकरी की मांग पर भी आश्वासन दिया गया। तब जाकर परिजन और ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान एसडीएम उदित नारायण सेंगर, सीओ आशीष तोमर, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह सहित कई थानों की फोर्स मौजूद रही।

### ठाकुर संगीत सोम ने की एक लाख रूपये देने की घोषणा

घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा के पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम भी बिजलीघर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराया। उन्होंने मृतक के परिजनों को एक लाख रुपये की व्यक्तिगत सहायता देने की घोषणा की। संगीत सोम के समझाने के बाद ही परिजन पोस्टमार्टम के माने।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

कई घंटों तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल सागर और वंश का उपचार कराया गया, जिनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### ग्रामीणों ने जर्जर तार बदलवाने की रखी मांग

घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा बिजली विभाग के प्रति ज्यादा देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद खंभे व जर्जर तार बदलने को विभाग तैयार नही है, जिसका कारण है कि इसकी चपेट में आकर अमन की दर्दनाक मौत हो गई।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी के. सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को एनआईसी सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना की समयसीमा, कार्ययोजना तथा डिजिटल प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने जानकारी दी कि जनगणना का प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में आयोजित होगी। जनपद में जनगणना कार्य के लिए कुल 9361 कार्मिकों की तैनाती की जाएगी।

# डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चिकित्सालय कक्ष, महिला वार्ड, बैरक, शिशु सदन आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एआई मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय से जवाब आने का एडवोकेट जीशान ने किया स्वागत

- प्रधानमंत्री से एआई को प्रतिबंधित करने की अधिवक्ता ने रखी थी मांग
- एक दूसरे के चित्र जोड़कर लोगों को किया जा रहा था भ्रमित, हर व्यक्ति था असुरक्षित



एडवोकेट जीशान सिद्दीकी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस AI तकनीक के बढ़ते उपयोग और उसके संभावित दुरुपयोग, विशेषकर Deepfake फोटो वीडियो के माध्यम से आम नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों की गरिमा और निजता की सुरक्षा से जुड़े विषय पर अधिवक्ता जीशान सिद्दीकी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित पत्र पर केंद्र सरकार ने संज्ञान लिया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के माध्यम से यह विषय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय MeitY को संदर्भित किया गया, जहां से 30 जनवरी 2026 को लिखित उत्तर प्राप्त हुआ है। मंत्रालय द्वारा अवगत कराया गया है कि सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म्स के विनियमन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 प्रभावी हैं, जिनके अंतर्गत प्लेटफॉर्म्स पर उचित सावधानी, शिकायत निवारण तंत्र एवं समयबद्ध कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। उत्तर में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी नागरिक अपनी शिकायत संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के शिकायत अधिकारी के समक्ष दर्ज करा सकता है, जहां 24 घंटे में प्राप्ति की पुष्टि एवं 15 दिनों के भीतर निस्तारण का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, गंभीर मामलों में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल cybercrime-gov-in के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस अवसर पर अधिवक्ता जीशान सिद्दीकी ने कहा कि यह विषय अत्यंत समसामयिक एवं संवे. दनशील है और प्रधानमंत्री कार्यालय एवं संबंधित मंत्रालय द्वारा संज्ञान लेकर उत्तर प्रदान किया जाना एक सकारात्मक एवं स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में एआई तकनीक के सुरक्षित, नैतिक एवं उत्तरदायी उपयोग को लेकर निरंतर नीति स्तरीय प्रयास किए जाते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता, कानूनों की जानकारी एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है, ताकि डिजिटल तकनीक का उपयोग मानव गरिमा और सामाजिक सुरक्षा के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके।

# मुझे गुरु जी दियो बताए बुढ़ापा मेरो कैसे कटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रभातनगर में हो रही महापुराण श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस पर कथा वाचक डॉ. रामप्रकाश शास्त्री ने भगवान दत्तात्रेय जी. सुदामा कृष्ण का प्रसंग सुनाया। श्रीदत्तात्रेय ने अपने जीवन काल में 24 गुरु बनाये हैं। भागवत में वर्णन है कि शिक्षा गुरु तो अनेक हो सकते हैं। परंतु दीक्षा गुरु तो एक ही होता है। सुदामा चरित्र की कथा विस्तार से वर्णन की गई। पूरे संसार में मित्रता का ऐसा दूसरा प्रमाण शायद ही कहीं मिलेगा। निर्धन सुदामा को भी भगवान श्री कृष्ण ने अपने पलकों पर बिठाया। उनके चरणों की सेवा स्वयं द्वारकाधीश ने की। संपूर्ण भागवत कथा का सार-रहस्य संक्षिप्त में वर्णन किया गया। परीक्षित की मुक्ति की कथा हुई। भागवत कथा मानव को देवता बनाने के लिए है। यदि जीवन सुधारना हो तो रामायण का आश्रय लें और मृत्यु सुधारना है तो परीक्षित की भांति भागवत जी का आश्रय लेना चाहिए। सभी श्रद्धालुओं भाव विभोर होकर 'मुझे गुरु जी दियो बताए बुढ़ापा मेरो कैसे कटे' भजन पर झूमने लगे पूरा प्रांगण राधे-राधे श्याम मिलादे जय घोष से गुजमान रहा। इस अवसर पर दिनेश बंसल, रूप किशोर, निश्छल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, शुभम, अभिनव, निर्मला बंसल, सुषमा, प्रतिभा, रश्मी, काजल, अनुराधा आदि रहे।

# डीपीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई इंटरमीडिएट का फेयरवेल पार्टी समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक के ऑडिटोरियम में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य एवं गरिमामयी फेयरवेल विदाई समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र छात्राएं एवं अभिभावक गण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी द्वारा प्रवेश द्वार पर फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात सचिव एवं प्रधानाचार्या जिया जैदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर प्रधानाचार्या जिया जैदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में प्राप्त नैतिक शिक्षाएं, अनुशासन और ज्ञान जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने अपने भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज का दिन विद्यालय परिवार के लिए गर्व एवं संवेदना दोनों से परिपूर्ण है। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। जहां से विद्यार्थी जीवन मूल्यों, संस्कारों और नेतृत्व क्षमता को आत्मसात कर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त की है। बल्कि अनुशासन, नेतृत्व एवं मित्रता की अद्भुत मिसाल भी प्रस्तुत की है। सचिव ने आगे कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न उच्च पदों को सुशोभित करेंगे तथा अपनी प्रतिभा और सुगंध से राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में कितनी भी ऊंचाइयां प्राप्त करें, परंतु अपने विद्यालय और गुरुजनों को सदैव स्मरण रखें। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11 की छात्राओं ने स्वागत गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सचिव जगदीश त्यागी एवं प्रधानाचार्या जिया जैदी का अभिनंदन किया। इस समारोह में मिस्टर फेयरवेल का खिताब देव चौधरी को मिस फेयरवेल का खिताब, हिमांशी देशवाल को, मिस्टर डीपीएम का खिताब, ईशांत को तथा मिस डीपीएम का खिताब वंशिका को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गुप्ता एवं मानसी दुबलिश ने किया।

# मेरठ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने घेरा जॉइंट कमिश्नर कार्यालय

- ट्रांसपोर्टरों का उत्पीड़न करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में राज्य कर विभाग की सचल टीम द्वारा ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों को अनावश्यक रूप से रोककर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए जॉइंट कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर राज्य कर विभाग की टीम के द्वारा की जा रही कार्यवाही का विरोध किया।

जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी बात रखी। बता दें कि सबसे पहले एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एल-ब्लॉक स्थित राज्य कर कार्यालय में असिस्टेंट कमिश्नर तबस्सुम सिद्दीकी के कार्यालय का घेराव किया जिसके बाद उन्होंने असिस्टेंट कमिश्नर तबस्सुम सिद्दीकी से मुलाकात की। इसके बाद एसोसिएशन के पदाधिकारी मंगल पांडे नगर स्थित ज्वाइंट कमिश्नर अमित कुमार पाठक के कार्यालय पहुंचे और वहां भी घेराव आपत्ति दर्ज कराते हुए ज्वाइंट कमिश्नर अमित कुमार पाठक से वार्ता की। एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि ट्रांसपोर्टर पूरी ईमानदारी और नियमों के अनुसार व्यापारियों का माल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उनके पास सभी वैध बिल, दस्तावेज एवं सरकारी औपचारिकताएं पूर्ण होती हैं, इसके बावजूद कई बार बिना ठोस कारण के गाड़ियों को पकड़कर एल-ब्लॉक ले जाया जाता है, जहां दो से तीन दिनों तक उन्हें रोका जाता है। इससे ट्रांसपोर्टरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, साथ ही व्यापारियों का भी नुकसान होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां वास्तविक रूप से कर चोरी की जाती है, जैसे बिना बिल या कम मूल्य के बिल बनाकर माल ढोया जाता है, और नियमों के विपरीत परिवहन किया जाता है, वहां विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। मेरठ में अनेक स्थानों पर बसों के माध्यम से अवैध रूप से माल ढुलाई की जा रही है।

# एसआईआरः सुनवाई केंद्र पर लगी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** एसआईआर कार्यक्रम में जिन मतदाताओं का 2003 में मतदाता सूची में मैपिंग नहीं हो सकी उन मतदाताओं को भाग दौड़ करनी पड़ रही थी। जिला जिलाधिकारी के आदेश पर नगर में बनाया गया। इस दौरान मतदाताओं की भीड़ लगी रही।

इसको लेकर कस्बा निवासी उत्तर प्रदेश कार्य समिति कांग्रेस के सदस्य नेता सैयद रिहानुद्दीन ने बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ को प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया था कि फलावदा नगर व मवाना ब्लाक के 35 ग्रामों की सुनवाई केंद्र नगर पंचायत लावड़ में बना हुआ है। इसे हटाकर नगर पंचायत फलावदा में लगवाने की गुहार लगाई थी। उन्होंने यह भी बताया कि सरधना विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर कार्यक्रम में जिन मतदाताओं का 2003 में मतदाता सूची में मैपिंग नहीं हो सकी उन मतदाताओं को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस देकर साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा गया है लेकिन इन गांवों के लोगों को मतदाता सूची में मैपिंग कराने के लिए अधिक दूरी तय करने पर लावड़ नगर पंचायत कार्यालय पर चक्कर काटने पड़ रहे थे उसके बावजूद भी उनका कार्य नहीं हो पा रहा था जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के मतदाताओं की परेशानी को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कस्बे व क्षेत्र के सभी बीएलओ को एसआईआर नोटिस के आधार पर मैपिंग के लिए समुचित साक्षय संकलन करने के आदेश दिए गए हैं। इस दौरान सुनवाई केंद्र पर मतदाताओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान बीएलओ फहीम अहमद, प्रदीप कुमार, कैसर जहां, रजनी देवी, आभा रानी, सुशील कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# चार को सर्किट हाउस में होगी महिला सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा 4 फरवरी को 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाए अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि महिलाओं को समय पर न्याय मिले। इसी को देखते हुए सर्किट हाउस में महिलाओं की समस्या को सुनते हुए उनका निस्तारण किया जाता है।

# गुरु रविदास जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन




नूर नगर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज नूर नगर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम रविदास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास का सामा. जिक समरसता में योगदान विषयक गोष्ठी की अध्यक्षता चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. वी. राम ने और संचालन डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने किया। इस अवसर पर अमरीश चपराना, अमरीश कोरी, जतिन लिसाड़ी, राजकुमार राजू, रीता , महेंद्र सेंट्रल बैंक, प्रधानाचार्य अरुण कुमार, डॉ. महेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पांचली बुजुर्ग में एक दिवसीय इज्तमा आयोजित

## आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, दीनी व दुनियावी तालीम पर उलेमाओं ने दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर/मेरठ।** क्षेत्र के गांव पांचली बुजुर्ग में शनिवार को एक दिवसीय इज्तमा का आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के संदेश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे आयोजन स्थल पर अनुशासन, सादगी और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। उलेमाओं ने अपने बयानों में समाज सुधार, नैतिक जीवन और बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए दीनी (धार्मिक) और दुनियावी (आधुनिक) तालीम दोनों को समान रूप से जरूरी बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत से हुई, जिसके बाद विभिन्न उलेमाओं ने तकरीर करते हुए शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया। इस्तमा में विशेष रूप से पहुंचे मुफ्ती उमर फारूक सरधना, मुफ्ती तमकीन, हाजी मुस्तकीम और अन्य धर्मगुरुओं ने कहा कि बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए दीनी तालीम बुनियादी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक शिक्षा से बच्चों में नैतिकता, इंसानियत, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, जो उन्हें बुराइयों से दूर रखती है। वहीं हाजी जववाद मेरठी ने अपने बयान में कहा कि केवल धार्मिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि दुनियावी तालीम भी उतनी ही अहम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा से बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं तथा देश और समाज की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल और मदरसा भेजें और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें।



उलेमाओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि आज के दौर में शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा जरिया है। अशिक्षा के कारण समाज में कई समस्याएं पैदा होती हैं, जिनसे छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और तालीम जरूरी है। वक्ताओं ने कहा कि जब बच्चे दीनी और दुनियावी दोनों तालीम से लैस होंगे, तभी एक बेहतर और संतुलित समाज का निर्माण संभव है। इज्तमा के दौरान अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश भी दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में फैल रही बुराइयों, नशाखोरी, फिजूलखर्ची और आपसी दुश्मनी से बचना चाहिए। सभी को मिलजुलकर रहना चाहिए और अच्छे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से सकारात्मक रास्ता अपनाने और अपने भविष्य को संवारने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मुफ्ती फुरकान खिवाई ने देश की खुशहाली, तरक्की और शांति के लिए सामूहिक दुआ कराई। दुआ में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर मुल्क में अमन-चैन और आपसी मोहब्बत की कामना की।



आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक व शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में शिक्षा, नैतिकता और एकता का संदेश लगातार फैलता रहे।

## 37वें सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को ललितपुर जिला प्रशासन द्वारा 37वें सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह हमारे लिए गर्व का क्षण रहा क्योंकि एनएचएआई विगखेत टोल प्लाजा टीम को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु विशेष रूप से सराहा गया। टीम ने इन कार्यक्रमों को पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया। सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने, जन सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने में टीम के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए, ललितपुर जिला प्रशासन ने टोल प्लाजा के परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार चौधरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान टीम के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है, जो सड़क उपयोगकर्ताओं को जागरूक करने, शिक्षित करने और जिम्मेदार व अनुशासित ड्राइविंग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे हैं।

# मतदाताओं को जागरूक करके नई वोट बनवाने के लिए किया प्रेरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय भराला बूथ नंबर 271 व 272 पर बीएलओ रामभतेरी और बीएलओ अनीता के साथ दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने नई वोट बनाने एवं एसआईआर के नोटिस में जिन्होंने अपनी एसआईआर का फार्म को पूर्ण करके बीएलओ को नहीं दिया था उसको एकत्रित किया। सभी को जागरूक करके नई वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय की अध्यापिका ममता कुमारी, कविता बालियान, शालिनी शर्मा, रेशमा, नरेंद्र पाल सिंह,सुंदर सिवाच, नीरज कुमार, अंकित आदि मौजूद रहे।

### सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनने पर शकील अहमद मलिक ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार गुट से जुड़े उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद मलिक ने सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इसे महाराष्ट्र की राजनीति के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि महिलाओं का शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचना लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। शकील अहमद मलिक ने अपने संदेश में कहा कि सुनेत्रा पवार के नेतृत्व से राज्य में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वे महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगी। राजनीतिक हलकों में भी इस नियुक्ति की चर्चा तेज है। समर्थकों का कहना है कि यह फैसला महिला नेतृत्व को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जताते हुए इसे संगठन और सरकार दोनों के लिए गर्व का विषय बताया है।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर विधवा महिला व परिवार के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने विधवा महिला के घर में घुसकर पीड़िता मां व दो पुत्रियों के साथ गाली गलौज व दुर्व्यवहार करते हुए नीचे गिराकर लात घूसों से मारपीट कर दी और हत्या करने की धमकी देकर फरार हो गए। मारपीट की यह घटना की वीडियो इंटरनेटनेट पर वायरल हो गई। अपनी जान बचाने के लिए पीड़ित परिवार ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी तुरंत मौके पर पुलिस पहुंच गई नहीं तो मारपीट का मामला खूनी संघर्ष में बदल जाता। पुलिस ने महिला वं उसकी दोनों पुत्रियों को सुरक्षा के लिए थाने ले आए। घटना के संबंध में पीड़िता पूनम देवी स्वर्गीय संनतरपाल ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के दबंगों ने पिछले 15 वर्षों से उनकी डेढ़ बीघा खेत की जमीन पर कब्जा कर रखा था। इस संबंध में पीड़िता ने दो सप्ताह पूर्व समाधान दिवस थाना फलावदा में तहरीर देकर अपने खेत की जमीन को कब्जा मुक्त करने की गुहार लगाई थी। राजस्व विभाग पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पैमाइश करते हुए पीड़िता को जमीन लौटाने का आदेश दिया था। इसको लेकर पीड़िता ने तीन दिन पूर्व अपने खेत की जमीन को ट्रैक्टर से जोत कर कब्जा कर लिया था। इसी रंजिश को लेकर शुक्रवार शाम करीब चार बजे



पड़ोस के ही बोबी व उसके साथ चार अज्ञात लोगों ने मिलकर पीड़िता के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए पीड़िता और उसकी दो पुत्रियों को खींच कर नीचे गिरा दिया और लात घूसों से जमकर मारपीट कर दी। पीड़िता पूनम देवी ने बताया कि उसकी बड़ी पुत्री चंचल यूपी पुलिस की तैयारी कर रही है जबकि छोटी पुत्री अनन्या क्रिकेट बाल बैडमिंटन की खिलाड़ी हैं वह दो साल से मेरठ के कॉलेज प्रैक्टिस कर रही है। पीड़िता पूनम देवी ने अपने परिवार की सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी का कहना है कि जमीन विवाद के कारण मारपीट हुई है आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डीएवी के मोहम्मद अल्तमश राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

प्रतियोगिता में कक्षा आठ, नौ और दस के कुल 45 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिणामस्वरूप 12 विद्यार्थियों ने स्वर्ण, चार ने रजत तथा दो विद्यार्थियों ने कांस्य पदक अर्जित किए। कक्षा दसवीं के छात्र मोहम्मद अल्तमश को विशेष उपलब्धि के तहत त्रिमूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर 'राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान' से सम्मानित किया गया। डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए की क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की। उन्होंने सभी विजेताओं की मुक्त कंठ से सराहना की।

# आईएम इंटर कॉलेज किठौर में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर स्थित इदरीश मेमोरियल इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज परिसर भावनात्मक एवं उल्लासपूर्ण माहौल से सराबोर रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।



समारोह के दौरान इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा तथा हाईस्कूल के विद्यार्थियों को 9वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने विदाई दी। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के लिए गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रबंधक गुफरान अली व प्रधानचार्य जाकिर अली ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ- साथ अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही छात्र जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कॉलेज के समस्त शिक्षक व कर्मचारीगण ने भी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्रों को सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सफल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रही।

### जियो बीपी ने लॉन्च की इंजन क्लीनिंग एक्टिव टेक्नोलॉजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को गोवा में इंडिया एनर्जी वीक 2026 के दौरान जियो-बीपी के स्टाल का दौरा किया, जहां क्रांतिकारी एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल प्रदर्शित किया गया था। इस क्रांतिकारी उत्पाद पर बात करते हुए जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा भारतीय वाहन चालक ऐसे फायदे चाहते हैं जो रोजमर्रा में साफ दिखाई दें जैसे स्मूथ चलने वाला इंजन, ज्यादा भरोसेमंद परफॉर्मेंस, कम मेंटेनेंस और उसी ईंधन खर्च में ज्यादा किलोमीटर। जियो-बीपी एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ हम ऐसा पेट्रोल लेकर आए हैं जो चलते-चलते इंजन को साफ़ करता है और नुकसानदायक जमाव को हटाने में मदद करता है। हमारा उद्देश्य उन्नत फ्यूल टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाना है, ताकि हाई-परफॉर्मेंस इंजन सफाई को एक मानक सुविधा के रूप में उपलब्ध कराया जा सके और पूरे भारत के ग्राहक हर दिन इसका लाभ उठा सकें। इंडिया एनर्जी वीक में जियो-बीपी ने अपनी पूरी एसेट और सर्विस पोर्टफोलियो भी प्रदर्शित की, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग समाधान, बेहतर सुविधा सेवाएं, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ), घर-घर डीजल डिलीवरी और मौजूदा व भविष्य के लिए तैयार गैसीय ईंधन शामिल हैं।

### वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ।** वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली बाइपास स्थित शाखा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर आधारित रही, जिसमें विद्यालय के 60 से अधिक अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ।**

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक 28/63ए दिनांक 08.01.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग के पात्र मार्ग श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य को पूर्ण करने की अवधि वर्षा काल सहित | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कैली रामपुर से शमशान अहमदपुरी मार्ग तक सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.25 | 0.83 | 500+225+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 2 | असकरीनपुर सम्पर्क मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.50 | 1.15 | 500+225+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 3 | फलावदा गगसोना मार्ग से गदनपुरा मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 14.60 | 1.46 | 500+225+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 4 | नवल गोविन्दपुरी मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.45 | 1.95 | 500+300+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 5 | बिसौला से भगवानपुर सम्पर्क मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.45 | 1.95 | 500+300+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 6 | मेरठ पौडी मार्ग से मैसा मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 20.65 | 2.07 | 500+300+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 7 | छोटा मवाना से बिसोला मार्ग के कि0मी0 1,2,3(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 21.40 | 2.14 | 500+300+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 8 | बना से किशोरीपुर मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 14.60 | 1.46 | 500+225+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 9 | मवाना किठौर मार्ग कि0मी0 21 से इन्द्रपुर मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.15 | 1.22 | 500+225+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |
| 10 | मवाना किठौर मार्ग कि0मी0 19 से बड़ी गॉव मार्ग की सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.15 | 1.22 | 500+225+GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी मार्ग कार्य |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदा में निविदा शुल्क (कॉलम नं0 05 के अनुसार) ऑन लाइन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगी।

2. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ऑनलाईन उपलब्ध है।
3. बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.02.2026 से 09.02.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 09.02.2026 को समय अपराह्न 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 09.02.2026 को समय अपराह्न 12.30 बजे ऑन लाइन खोली जायेगी।
4. निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास सर्टिफाईंग प्राधिकरण द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
5. शासनादेश संख्या-679(1)/23-7-2020पी0डब्लू0अनु0-07 लखनऊ दिनांक 25.06.20 के आदेशानुसार प्रहरी एप पर चाणक्य के माध्यम से निविदा डालने हेतु पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।

सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ।

(सतेन्द्र सिंह) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ।

UPID-244937, DATE-30/01/2026
WEBSITE-www.up.gov.in


# एसआईआर सर्वे नोटिस से परेशान जनता की समस्या का समाधान कराने पहुंचे जनप्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसआईआर सर्वे के तहत जारी किए गए नोटिसों से क्षेत्र की आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने तुरंत संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर संबंधित अधिक. ारियों से मुलाकात की। इस दौरान सर्वे प्रक्रिया का निरीक्षण कराया गया और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से रखते हुए उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

इस अवसर पर शाहवेज अंसारी (चेयरपर्सन पुत्र), सभासद शाहिद मालिक, सलीम अंसारी, तारिक हसन, मोहसिन अंसारी सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर नागरिकों के एसआईआर फॉर्म भरवाकर विधिवत सबमिट कराए, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से परेशानी न हो। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने तहसीलदार भूपेंद्र कुमार से विस्तार से वार्ता की और एसआईआर सर्वे को लेकर आ रही व्यावहारिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। तहसीलदार द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उचित जांच एवं समाधान का भरोसा दिलाया गया। इस संबंध में शाहवेज अंसारी ने कहा कि एसआईआर सर्वे के नोटिसों के कारण आम नागरिकों में भ्रम और चिंता का माहौल है।



जनता की परेशानी को देखते हुए तत्काल अधिकारियों से संवाद किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सर्वे से जुड़ी समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों से वार्ता के बाद स्थानीय नागरिकों को राहत मिली और आश्वासन दिया गया कि सभी वास्तविक मामलों का समाधान नियमानुसार किया जाएगा।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसानों ने की भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में एनएचएआई व बैंकों के अफसरों के नहीं आने पर किसानों ने किया हंगामा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकास भवन सभागार में किसानों की शनिवार को बैठक हुई। वहां किसानों ने एनएचएआई व बैंकों के अफसरों के नहीं आने पर हंगामा किया और कार्रवाई करने की मांग पर अडिग हो गए। बाद में सीडीओ के समझाने पर किसान शांत हुए और उन्हें कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखने का आश्वासन दिया।

बैठक में भाकियू नेता बिजेंद्र प्रधान व विनोद कुमार ने बड़ौत क्षेत्र के कई बैंकों में यदि किसान जाते है तो उनके साथ अभद्रता की जाती है। किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड तक ब्लॉक किए जा रहे है। उनकी समस्या को बैंक के अघधिकारी व कर्मचारी सुनने के लिए तैयार नहीं है। हिम्मत सिंह ने अग्रवाल मंडी टटीरी से गुजर रहे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर टटीरी में कट पर रिफलेक्टर नहीं लगाए जा रहे है और एनएचएआई के अफसरों से शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में वहां सड़क दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। संजीव राठी ने कहा कि रमाला चीनी मिल द्वारा गांगनौली के क्रय केंद्र पर सट्टा नहीं लगाया जा रहा है। ऐसे में किसान काफी परेशान है और उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिवाना के किसान विजय तोमर ने लेखपाल पर गलत तरीके से रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया। इसके अलावा किसानों ने सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को पकड़वाने की मांग रखी। साथ ही खेतों में गोवंशों द्वारा नष्ट की जा रही फसल का मुआवजा देने और किशनपुर बराल गांव में पूर्वी यमुना नहर की पटरी टूटने से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग की। बाद में सीडीओ बृजेंद्र शुक्ल ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान शांत हुए। किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह आंदोलन करेंगे। इस दौरान प्रदीप धामा, इंद्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, उपेंद्र, विनोद मुखिया, अंकित, अश्वनी कुमार, मोनू व विक्रांत आदि मौजूद रहे।

## नाले की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गौना गांव में सरकारी नाले पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में बागपत कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिक. ारियों से शिकायत की है। उनका आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने नाले पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि अवैध कब्जे के कारण पानी की निकासी रुक गई है, जिससे रास्तों पर गंदगी प फैल रही है। इसके अलावा, गांव के पास वाले खेतों में भी गंदा पानी भर रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में की गई शिकायतों के बावजूद इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीण कासम, आसकिन और अन्य ने जानकारी दी कि कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अवैध निर्माण लगातार जारी है। उन्होंने अधिकारियों से अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और गांव में पानी की उचित निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## औद्योगिक पुलिस चौकी के निकट पड़ा मिला व्यक्ति का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली सहारनपुर रोड पर औद्योगिक पुलिस चौकी के निकट एक व्यक्ति मृतक व्यवस्था में पड़ा हुआ दिखाई दिया। लोगों ने इसकी सूचना औद्योगिक पुलिस चौकी पर दी मृतक बुजुर्ग के चेहरे पर चोट के निशान थे जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई यह सूचना थाना प्रभारी बडौत द्वारा औद्योगिक पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा भी व्हाट्सएप ग्रुपों पर डाल दी गई है ताकि इसकी पहचान हो जाए देखने में ऐसा लग रहा है कि किसी झगड़े की वजह से इसकी जान गई है क्योंकि इसके चेहरे पर चोट के निशान भी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि मामले की इंक्वारी कराई जा रही है जल्द ही मामले का पता लगा लिया जाएगा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है।

## टंकी होने के बाद भी पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव के शिव मंदिर में 2 साल से पानी की टंकी बनकर हो गई थी तैयार मगर कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी ग्रामीण बूंद बूंद को तरस रहे हैं। टंकी में पानी नहीं आ रहा है। जल निगम ने दो वर्ष पूर्व टंकी का निर्माण कंप्लीट कर दिया था। मगर आज तक भी एक दो बार पानी आने के बावजूद भी गलियों की टुटी घरों में पानी नहीं आ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि टंकी का निर्माण होने के बाद भी लोग टंकी के पानी को तरस रहे हैं। जल निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया। मगर उन्होंने इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी इस टंकी है। पानी नहीं आ रहा है। ग्राम प्रधान भी इस तरफ कोई जान नहीं आकर्षित कर रहा है जब गांव का प्रधान इस तरफ ध्यान नहीं करता न किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करता तो टंकी में पानी किस तरीके से आएगा। जागौश गांव की प्रधान निशा शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल निगम को कई बार अवगत कराया गया है। मगर किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई जल विभाग नहीं कर रहा है।

## सांसद ने किया निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बिजरौल फाटक पर निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण एवं अंडरपास के अस्थायी ट्रायल रन का शुभारंभ सांसद डा. रामकुमार सांगवान द्वारा किया गया। सांसद ने क्षेत्रवासियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बिजरौल फाटक के अंडरपास को अस्थायी ट्रायल रन के लिए खोलने के निर्देश दिए, जिससे आम जनता को यातायात में तत्काल राहत मिल सके।

निरीक्षण के दौरान रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। सांसद डा.रामकुमार सांगवान ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से स्थायी समाधान मिल सके। सांसद ने कहा कि बिजरौल फाटक पर बनने वाला रेलवे ओवर ब्रिज बड़ौत क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित परियोजना है। इसके पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं दैनिक आवागमन में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्थायी ट्रायल रन के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सांसद द्वारा उठाए गए इस जनहितकारी कदम का स्वागत किया और शीघ्र ही ओवर ब्रिज के पूर्ण संचालन की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर बड़ौत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी कुमार तोमर, योगेश तोमर, नागेंद्र सिंह, राकेश जैन, डा.संजीव आर्य, जितेंद्र तोमर, रोहित प्रधान (निनाना), सुभाष सिंह (एडवोकेट), सुधीर तोमर, प्रज्ञा बालियान (महिला जिलाध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सांसद डा.रामकुमार सांगवान ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आहवान किया, ताकि यह महत्वपूर्ण परियोजना शीघ्र पूर्ण होकर जनता को पूर्ण लाभ मिल सके।

## पात्र नागरिक मतदाता सूची से न रहे वंचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को पूर्ण और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज जनपद बागपत में विशेष अभियान संचालित किया गया ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

विशेष अभियान के दौरान जनपद के समस्त मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशानुसार सभी बूथों पर बीएलओ ने सुबह 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मौजूद रहकर मतदाता सूची से जुड़े मामलों का मौके पर ही समाधान किया। बड़ी संख्या में मतदाता अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर नया नाम जुड़वाने, नाम या पते में संशोधन कराने, फोटो सुधार, स्थानांतरण अथवा विलोपन से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे। अभियान में बूथवार महिलाओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।



## एक नजर

### मतदाता बनने के लिए आवेदक का भारत का नागरिक होना अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मतदाता बनने के लिए आवेदक का भारत का नागरिक होना अनिवार्य है तथा 1 जनवरी, 2026 को उसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इसके साथ ही आवेदक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी हो और किसी विधिक अपात्रता के अंतर्गत न आता हो। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 6 जनवरी, 2026 से 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान नागरिक गलत तरीके से जुड़े नामों पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, मृतक मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों की शिकायत कर सकते हैं। आयोग द्वारा दावे और आपत्तियों की सूची आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए आयोग ने निर्धारित प्रपत्रों की व्यवस्था की है। पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों के लिए फॉर्म-6 निर्धारित है, जबकि मतदाता सूची से नाम हटाने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 का उपयोग किया जाएगा। नाम, पता, आयु या ोटो में संशोधन कराने के लिए फॉर्म-8 भरना होगा। ये सभी फॉर्म बीएलओ, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा को भी सुदृढ़ किया है। नागरिक पर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने या विलोपन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदन फॉर्म को डाउनलोड कर ऑफलाइन भी जमा किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा ईसीआईनेट मोबाइल एप भी उपलब्ध कराया गया है। आधिकारिक वेबसाइट से मतदाता अपने नाम की स्थिति जांच सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से युवाओं और तकनीक सक्षम मतदाताओं के लिए उपयोगी साबित हो रही है। मतदाताओं की सहायता के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1950 भी सक्रिय किया गया है। इस नंबर पर कॉल कर मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी की जानकारी, आवेदन की स्थिति, मतदाता सूची से जुड़ी समस्याएं और शिकायतों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर नागरिक इस हेल्पलाइन का उपयोग अवश्य करें। भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची की शुद्धता में सक्रिय सहयोग करें। परिवार के प्रत्येक पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं, इसकी जांच करें और यदि कोई त्रुटि हो तो समय रहते उसे ठीक कराएं। मृतक परिजनों के नाम हटवाना भी नागरिकों की सामाजिक जिम्मेदारी है, ताकि चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल प्रशास. निक दायित्व नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है। जब प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता सूची में सम्मिलित होगा, तभी लोकतंत्र की वास्तविक भावना साकार हो सकेगी। विशेष अभियान इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्फलतापूर्वक आयोजित हुआ।

### केएम विवि में सर्वाधिक छात्र छात्राओं ने दी भारत बौद्धिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ब्रज प्रांत द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारत बौद्धिक परीक्षा आज के.एम. विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पंजीकृत सैकड़ों की संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव(रजिस्ट्रार) डा. पूरन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई थीं। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन, पारदर्शिता एवं सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। उन्होंने बताया कि विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ब्रज प्रांत द्वारा यह आयोजन कराया गया है, ब्रज प्रांत के नोडल केन्द्र केएम विश्वविद्यालय, वेटरिनरी विश्वविद्यालय, संस्कृति विश्वविद्यालय, जीएलए विश्वविद्यालय, श्रीजी बाबा महाविद्यालय व सरस्वती महाविद्यालय एटा, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ में परीक्षा सम्पन्न हुई है, सभी शिक्षण संस्थानों में कुल 2168 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया है। जबकि केएम विश्व. विद्यालय में 588 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दी है। विद्या भारत उच्च शिक्षा संस्थान ब्रज प्रांत अध्यक्ष एवं उप्र. उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. कृष्ण कुमार कानोडिया ने बताया यह परीक्षा भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय दर्शन, कला, विज्ञान और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें 80 बहुविकल्पीय और एक वर्णनात्मक प्रश्न शामिल थे। यह परीक्षा मुख्य रूप से स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए थी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने बताया भारतीय ज्ञान परंपरा, इतिहास, दर्शन और समसामयिक विषयों में छात्रों की समझ को परखना और उसे बढ़ावा देना है। परीक्षा के सफल संचालन में प्रोफेसर के.के. कानोडिया, डॉ. पूरन सिंह, डॉ. योगेंद्र सारस्वत, डॉ. प्रह्लाद सिंह, डॉ. भोले सिंह, डॉ. अजय सिंह वर्मा, डॉ. पवनजीत सिंह, डॉ. रतीश सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रोली अग्रवाल, डॉ. नीता, डॉ. के.डी. वर्मा, डॉ. एस.के. रावत सहित अनेक शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

परीक्षा आयोजन में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, ब्रज प्रांत की टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम ब्रज प्रांत के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## सचिवों ने एडीएम पर लगाया बैठक से बाहर भगाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** ग्राम सचिवों ने एडीएम पर उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और विरोध करने पर बैठक से बाहर भगाकर एफआईआर दर्ज कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने एडीएम के खिलाफ विकास भवन में प्रदर्शन किया।

उनका कहना था कि शनिवार को विकास भवन में क्राप सर्वे की बैठक थी। आरोप है कि बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सचिवों को उठाकर उनके साथ गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू करा दिया। अभद्र भाषा का प्रयोग करने का विरोध करने पर उन्हें गाली देकर भुगत लेने की धमकी दी और बैठक से बाहर भगा दिया। आरोप है कि उन्हें उनके खिलाफ एपआईआर दर्ज कराने की भी धमकी दी गई। इसके विरोध में उन्होंने प्रदर्शन कर सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि आगे से कोई भी सचिव ऐसे अधिकारी की बैठक में शामिल नहीं होगा। उन्होंने अधिकारी के माफी नही मांगने तक एग्रीस्टेक का कार्य नहीं करेंगे। साथ ही दो दिन में गलती न मामने पर ग्राम सचिव कार्य का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह, दीपा, गौरव तोमर, विपिन कुमार, आलोक कुमार, निशांत चौधरी, अनुज कुमार, अमित कुमार, प्रिंस कुमार नैन, विनय कुमार, कुबेर खोखर समेत अन्य मौजूद रहे।

## जनता वैदिक कॉलेज में विशेष अभियान का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज में मतदाता पंजीकरण हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र एवं छात्राओं का मतदाता सूची में पंजीकरण कराना तथा उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान विनीत कुमार उपाध्याय उप जिला निर्वाचन अधिकारी बागपत द्वारा मतदान के अधिकार, मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया, मतदान का महत्व तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान का महत्व बताते हुए मत बनवाने के लिए कहा। कार्यक्रम का मंच संचालन डा.गीता रानी, समन्वयक (कोऑर्डिनेटर), मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर अमरचंद वर्मा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अभिषेक कुमार सिंह तहसीलदार बागपत, वंशिका सिंह नायब तहस. ीलदार पिलाना आदि ने नवयुवाओ को मत बनवाने के लिए प्रेरित किया। वोटर लिटरेसी क्लब के सदस्य डा.अमृत कुमार गुप्ता, डा. अमित नागर, डा.इंदु, डा.सरिता, डा.मीनू, आकांक्षा, अदिति, अमित कुमार, जयवीर सिंह, ललित कुमार आदि सहित जनता वैदिक कॉलेज एवं जैन स्थानक महिला कॉलेज के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## युवाओं से संवाद कर लोकतंत्र में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की गई जहां बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहे और मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता करते नजर आए। दावे और आपत्तियों से संबंधित सभी प्रकार के फार्म जैसे फार्म-6, फार्म-7 व फार्म-8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहे जिनका आवश्यकतानुसार उपयोग किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल सहित समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे और विभिन्न बूथों पर पहुंचे। वहीं बागपत के यमुना इंटर कॉलेज में युवाओं से संवाद कर लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित किया और पात्र युवाओं को वोट बनाने के क्रम में आवश्यक कार्यवाही की गई। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वह भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर अभियान की पूर्ण जानकारी रखे और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करे। इसी क्रम में बड़ौत के जनता वैदिक कालेज में मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान आयोजित हुआ जिसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय ने युवाओं से सीधे संवाद कर वोट बनवाने एवं लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## मंदिर में अज्ञात चोरों ने दीवार कूदकर की लाखों रुपयों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे बने राधा कृष्ण मंदिर में देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर की दीवार कूदकर लाखों रुपए से भरा मंदिर का दान पत्र का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला जिसमें मंदिर में रहने वाले शिव भक्तों में आक्रोश पनप गया। चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर आज ग्राम वासियों ने मंदिर परिसर में घटना खुलासा में होने पर धरना दिया। ग्राम वासियों का कहना है कि इससे पूर्व में भी राधा कृष्ण मंदिर में तीन बार चोरी हो चुकी है। इस मंदिर की स्थापना 2003 में कराई गई थी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने बताया कि मंदिर के आसपास श्याम डालते ही शराबियों का अड्डा जुआरियों का अड्डा सट्टे की खाई बड़ी करने वाले लोगों का जमावड़ा हरियाणा की सीमा पर यमुना नदी के किनारे पर लग जाता है आज चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर शिव मंदिर के सदस्य एवं श्रद्धालु मंदिर परिसर पर धरना देकर बैठ गए और छपरौली पुलिस प्रशासन से खुलासा करने की मांग करते रहे। इस अवसर पर जय भगवान कश्यप राजेश कश्यप सतवीर कश्यप संजय कश्यप जो. हरी बीडीसीसदस्य हरकेश वेदपाल ठेकेदार लक्ष्मण ठेकेदार कुलदीप ठेकेदार के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द घटना का खुलासा नहीं हुआ तो तहसील परिसर में भी धरना दिया जाएगा।

# सरस्वती कॉलेज का वार्षिक दिवस बना गौरव व प्रतिभा का उत्सव

## कार्यक्रम उत्साह, गरिमा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का सशक्त मंच बनकर उभरा, मेधावियों को मिले सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अंतर्गत संचालित सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग और सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी का संयुक्त वार्षिक दिवस 2026 संस्थान परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम उत्साह, गरिमा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का सशक्त मंच बनकर उभरा, जहां विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्थान की उपलब्धियां और दूरदर्शी नेतृत्व की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान की उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन ने की, जबकि मुख्य अतिथि धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर रहे। विशिष्ट अतिथियों मे SIMS के डीन व प्रिंसिपल बरखा गुप्ता, जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन, निदेशक रघुवर दत्त, SCON के वाइस प्रिंसिपल प्रो. केतन शर्मा, प्रिंसिपल डा. आर. मनोहरि शिवकुमार, सीनियर एडवाइजर डा. आर. के. सहगल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मेजर जनरल डा. सी. एस. अहलुवालिया और SCOP के प्रिंसिपल डा. नितिन कुमार शामिल रहे।

स्वागत भाषण में डा. नितिन कुमार ने संस्थान की शैक्षणिक प्रगति, शोध गतिविधियों, अवसंरचना विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। संस्थापक एवं चेयरमैन जे. रामचंद्रन ने स्वास्थ्य कारणों से अनुपस्थित रहते हुए भी संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिकता और सामाजिक दायित्व के साथ आगे बढ़ने का आहवान किया। अध्यक्षीय संबोधन में रम्या रामचंद्रन ने भविष्य की शैक्षणिक रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मूल्य आधारित शिक्षा, तकनीकी नवाचार और कौशल



विकास पर जोर दिया। मुख्य अतिथि धर्मेश सिंह तोमर ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारण, नवाचार को अपनाने और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समर्पण भाव से कार्य कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आहवान किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा। नर्सिंग के 32 और पैरामेडिकल के 6 विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रवीणता पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि नर्सिंग और फार्मेसी के कुल 22 विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए।

मेधावियों के सम्मान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में रंग भर दिए। भूमि के एकल नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं माधव और गौरांग की युगल प्रस्तुति को खूब सराहा गया। वंशिका और गौरवी की प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम की गरिमा और उत्साह को नई ऊंचाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रिया मोल और मनीष साम्याल ने किया। आयोजन की सफलता में डा. नितिन कुमार, प्रो. केतन शर्मा, डा. नेहा सिंह, डा. निधि त्यागी, डा. रश्मि शर्मा, सुश्री नेहा, डा. सुप्रिया मैती, दीपेश प्रजापति, विशाल कुमार, योगेश कुमार, मोहम्मद खुर्शीद, प्रशांत सरस्वत और अजय कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रो. केतन शर्मा ने प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग और सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी का संयुक्त वार्षिक दिवस 2026 शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थागत एकता और भविष्य के प्रति मजबूत संकल्प का प्रतीक बनकर यादगार बन गया।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी पुलिस ने दबोचे

**हापुड़।** ग्राम चॉदनेर में जितेंद्र पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नामित व वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मलिकपुर, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा स्थित एक फार्म से दबोचा।

थाना प्रभारी के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में थाना बहादुरगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा बीएनएस में नामित दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अंकुश पुत्र सतपाल और सतपाल पुत्र शिवचरण, दोनों निवासी ग्राम चॉदनेर, थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थान बदल रहे थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाल विवाह पर करारा प्रहार, पीएनडीटी एक्ट की दी सख्त चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नेशनल बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ की ओर से भवानी बालिका विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल, फ्रीगंज रोड में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराना और प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार के निर्देशन तथा सचिव/सीजेएम सौरभ कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक अशोक कुमार ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए इसके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से आहवान किया कि वे बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं और किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला उत्पीड़न, बाल श्रम, बाल उत्पीड़न से जुड़े मामलों में निःशुल्क विधिक सहायता और गरीब व जरूरतमंद लोगों को मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक अनुज कुमार और विनीत कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. उपासना राय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए पराविधिक स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया और इस तरह के जागरूकता अभियानों को समाज के लिए बेहद जरूरी बताया।



# शब-ए-बारात पर हापुड़ में अभेद्य सुरक्षा घेरा, 1500 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शब-ए-बारात के त्योहार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए मेरठ रेंज स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हापुड़ जनपद को भी इस सुरक्षा योजना में विशेष रूप से शामिल करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। रेंज में कुल 26 राजपत्रित अधिकारियों सहित 1503 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। वहीं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए 23 जोन, 79 सेक्टर और 35 क्यूआरटी का गठन किया गया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया कि शब-ए-बारात का पर्व तीन फरवरी को मनाया जाएगा। इसके मद्देनजर हापुड़ सहित सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई है और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हापुड़ जनपद में तीन जोन, दस सेक्टर और तीन क्यूआरटी तैनात की गई हैं, ताकि किसी भी स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। रेंज में प्रस्तावित कुल 60 मजलिस और जलसों में हापुड़ जनपद में चार कार्यक्रम आयोजित होने हैं। इन सभी स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हापुड़ में चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर लगातार पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले ही विभिन्न विभागों, धर्मगुरुओं, शांति समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठनों और आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर लिया गया है। मेरठ रेंज में कुल 194 गोष्ठियां आयोजित कर लोगों से सहयोग की अपील की गई है। हापुड़ में भी स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठकें कर आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया है। डीआईजी मेरठ रेंज ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे त्योहार रजिस्टरों को अद्यतन रखें, पूर्व में विवादित रहे स्थानों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरतें और ड्रोन कैमरों के माध्यम से संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर नजर बनाए रखें। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली सूचना को समय रहते रोका जा सके।



# मतदाता सूची दुरुस्त करने को हापुड़ में तेज हुआ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारत निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नगर क्षेत्र में मतदाता सूची को त्रुटिरहित और समावेशी बनाने के लिए विशेष अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी बूथ केंद्रों पर फॉर्म-6 भरवाकर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया लगातार जारी है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न रह जाए।

अभियान के दौरान सभी बूथ केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर की अनिवार्य उपस्थिति रही। बीएलओ ने मौके पर ही नए मतदाताओं से आवेदन स्वीकार किए, आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और पूरी प्रक्रिया की जानकारी देकर समयबद्ध तरीके से फॉर्म जमा कराए। इससे मतदाताओं को बड़ी राहत मिली और प्रक्रिया सरल व पारदर्शी बनी रही। इसी क्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने नगर के विभिन्न बूथ केंद्रों का दौरा कर अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने फॉर्म भरने आए मतदाताओं से संवाद कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यह भी सुनिश्चित किया कि किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दोनों जनप्रतिनिधियों ने बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव सशक्त मतदाता सूची पर टिकी होती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे इस अभियान का लाभ उठाकर समय रहते अपना नाम जुड़वाएं। निरीक्षण के दौरान बूथ केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और मतदाताओं में जागरूकता व उत्साह साफ नजर आया। चुनाव विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगामी दिनों तक जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल हो सकें।



# माघ पूर्णिमा पर रविपुष्य समेत कई शुभ योगे, खुलेगा पुण्य का द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** माघ पूर्णिमा पर्व एक फरवरी रविवार को अनेक दुर्लभ और शुभ योगों के साथ मनाया जाएगा। इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और व्रत का विशेष महत्व रहेगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि पूर्णिमा तिथि सुबह 5 बजकर 52 मिनट से पुष्य नक्षत्र के साथ प्रारंभ होकर देर रात 3 बजकर 39 मिनट तक रहेगी।

उन्होंने बताया कि सूर्योदय के साथ ही रविपुष्य योग, सर्वार्थसिद्धि योग और प्रीति योग का संयोग बनेगा। इसके साथ ही सुबह 10 बजकर 18 मिनट से आयुष्मान योग का भी प्रभाव पूरे दिन रहेगा। इन शुभ योगों के कारण माघ पूर्णिमा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार शुक्र ग्रह के उदय के साथ ही बीते डेढ़ महीने से रुके हुए शुभ और मंगल कार्य भी पुनः आरंभ हो जाएंगे, जबकि पहला विवाह मुहूर्त तीन फरवरी से प्रारंभ होगा। धर्मग्रंथों का हवाला देते हुए पंडित के.सी. पाण्डेय ने बताया कि निर्णय सिंधु, भविष्य पुराण और स्कंद पुराण के अनुसार इस दिन गंगा स्नान, श्री सत्यनारायण व्रत कथा और दान का विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि माघ पूर्णिमा के दिन तिल, ऊनी वस्त्र, कंबल और आवश्यक सामग्री का दान ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को अवश्य करें।



ज्योतिषाचार्य ने बताया कि शुभ योगों के संयोग में किया गया स्नान-दान, जप-तप और व्रत साधना जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। ऐसे में श्रद्धालुओं के लिए माघ पूर्णिमा का दिन अत्यंत फलदायी और कल्याणकारी सिद्ध होगा।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई में वह घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार 30 जनवरी 2026 को आरोपी ने नाबालिग बच्ची को अपने मकान में खींचकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में थाना धौलाना पर तत्काल मुकदमा बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)(अ) एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। धौलाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान ग्राम पिपलेड़ा से भुडगढ़ी जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध को रोका। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया, जिसके बाद उसे मौके से दबोच लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदिल पुत्र जाकिर निवासी मिर्जापुर, थाना विजयनगर, जनपद गाजियाबाद तथा वर्तमान पता साई सिटी कॉलोनी, ग्राम पिपलेड़ा, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### ऑपरेशन शस्त्र में हापुड़ नगर पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दिल्ली पब्लिक स्कूल के गेट नंबर दो के सामने चेकिंग के दौरान की गई। पुलिस ने मौके से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से अवैध असलहा बरामद हुआ। इसके बाद उसे तत्काल हिरासत में लेकर थाना लाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लविश सक्सैना पुत्र प्रदीप सक्सैना निवासी मोहल्ला नवीकरीम, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### धौलाना में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की बकाया वसूली तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा बकायदारों के खिलाफ बड़ी और सख्त कार्रवाई देखने को मिली है। बिजली विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए बिजली बिल वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान 5 किलोवाट से अधिक भार का उपयोग करने वाले करीब 49 बड़े बकायदार चिन्हित किए गए, जिन पर विभाग का लगभग 2 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया था। अभियान के तहत बिजली विभाग की टीम ने डोर-टू-डोर पहुंचकर बकायदार उपभोक्ताओं से संपर्क किया और मौके पर ही ऑनलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा कराए। विभागीय सूत्रों के अनुसार 31 जनवरी तक बिजली विभाग करोड़ों रुपये की बकाया राशि की वसूली कर चुका है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। विद्युत विभाग के अवर अभियंता कुंवर पाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है और बकायदार उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल जमा करने के लिए प्रेरित कर रही है। अभियान का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है, जहां बकायदार उपभोक्ता मौके पर ही अपना बकाया भुगतान कर रहे हैं। धौलाना विद्युत उपकेंद्र अवर अभियंता के अनुसार अब तक करोड़ों रुपये का बिजली बिल जमा कराया जा चुका है। विभाग का उद्देश्य राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है। भविष्य में भी ऐसे चेकिंग व वसूली अभियान जारी रहेंगे, जिससे बकायदारों में हड़कंप बना हुआ है।

# अवैध कटान पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, 210 किलो मांस के साथ आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़।** अवैध पशु कटान के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। ग्राम सरूरपुर में की गई इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। मौके से भैंस प्रजाति का भारी मात्रा में मांस, अवशेष और कटान में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। मौके पर पहुंचते ही अवैध कटान की पुष्टि होने पर आरोपी को तत्काल हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान करीब 210 किलोग्राम भैंस प्रजाति का मांस और कटान के उपकरण बरामद हुए, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया पूरी की।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बिलाल पुत्र साबुद्दीन उर्फ साबू निवासी ग्राम सरूरपुर, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# फागोता-करनपुर मार्ग की बदलेगी सूरत, 15.23 लाख की लागत से मरम्मत कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी सौगात मिली है। ग्राम फगोटा से करनपुर तक जाने वाले प्रमुख मार्ग पर 15.23 लाख रुपये की लागत से विशेष मरम्मत कार्य का शुभारंभ कर दिया गया। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने विधिवत शिलान्यास कर निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। सड़क कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान अतुल सिसोदिया ने कहा कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे स्कूली बच्चों, किसानों और आम राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। अब सड़क के दुरुस्त होने से आवागमन सुगम होगा और गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। विधायक धर्मेश तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है। सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरी सुविधाओं के समान अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें न केवल आवागमन को आसान बनाती हैं, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को भी सशक्त करती हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम बताया।



# हाईवे पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पुलिस ने कसी नकेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** एनएच-24 दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाली डग्गामार बस का वीडियो सामने आते ही हड़कंप मच गया। क्षमता से कहीं अधिक सवारियां बैठाकर बस को दोनों दरवाजों, खिड़कियों और पीछे से लटकाते हुए दौड़ाया जा रहा था। हैरान करने वाली बात यह रही कि बस के दरवाजे पर एक महिला भी लटकी नजर आई। यह खतरनाक और लापरवाही भरा सफर खुलेआम राष्ट्रीय राजमार्ग पर जारी था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।



वीडियो सामने आते ही हापुड़ यातायात पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और कार्रवाई करते हुए बस चालक पर सख्ती दिखाई। जांच में सामने आया कि बस संख्या UP13CT6772 को ओवरलोड सवारियां बैठाकर चलाया जा रहा था। यातायात पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालक का 13,500 रुपये का चालान काट दिया। यातायात प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि इस तरह यात्रियों को बस की खिड़की और दरवाजों पर बैठाकर ले जाना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि सीधे तौर पर जान जोखिम में डालने जैसा गंभीर अपराध भी है। ऐसी लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हापुड़ पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान नियमों का पालन करें और ऐसे किसी भी अवैध व खतरनाक कृत्य का हिस्सा न बनें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन, हापुड़ में रिकॉर्ड प्रवर्तन कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 (01 जनवरी से 31 जनवरी) के समापन अवसर पर 31 जनवरी को एसएसवी इंटर कालेज में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) छवि सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी यातायात हापुड़ राहुल यादव, यातायात निरीक्षक नरेश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

समारोह में एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग, एनसीसी कमांडेंट कपिल बिसला के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स, एनएचएआई छिजारसी टोल प्लाजा के मैनेजर अनिल कुमार शर्मा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रमेश कुमार चौबे ने पूरे माह चलाए गए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। छवि सिंह चौहान ने 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को परिवहन विभाग से जुड़ी ऑनलाइन सेवाओं जैसे लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने की सुविधा और कैशलेस उपचार संबंधी जागरूकता के बारे में बताया। क्षेत्राधिकारी यातायात राहुल यादव ने आमजन को बताया कि हापुड़ जिले में ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बाइक चालक एवं पीछे बैठे लोगों को हेलमेट पहनने और स्टंट न करने की कड़ाई से अपील की। एनसीसी कमांडेंट कपिल बिसला ने छात्रों और स्काउट गाइड को सड़क पर अनुशासन का महत्व समझाया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। समारोह ने नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमों का पालन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आमजन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।



# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

## तीन साल बाद मुकरा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी का झांसा देकर युवक प्रेमिका की इज्जत को तार तार करता रहा। पीड़िता के शादी का दबाव बनाने पर वह मुकर गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मामला जोया कस्बा के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाली एक युवती का प्रेम प्रसंग तीन साल से अमरोहा के मोहल्ला पीरगढ़ निवासी सचिन सैनी से चल रहा था। वह युवती के घर भी आता जाता था। उसने युवती व उसके परिजनों को शादी का भरोसा दिया। दोनों के परि. जनों ने भी इस रिश्ते को अपनी रजामंदी दे दी। दो साल पूर्व सचिन ने युवती को अपने साथ रखना शुरू कर दिया। दोनों अमरोहा शहर में एक मकान लेकर लिवइन में रहने लगे। आरोप है कि इस दौरान युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अब वह छह महीना की गर्भवती हो गई। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो सचिन ने इनकार कर दिया। साथ ही वहां से चला गया। लिहाजा पीड़िता अपने घर पहुंची परिजनों को जानकारी दी। पीड़िता ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। मामले में एसपी के निर्देश पर डिडौली पुलिस ने सचिन सैनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने आरोपी सचिन की गिरफ्तारी की बात कही।

# बहन की शादी के लिए जोड़ा सामान ले गए चोर

## नकदी समेत दस लाख के जेवर चोरी, बीमार मां का इलाज कराने गये थे परिजन गये थे अस्पताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चोरों ने एक घर से नकदी समेत दस लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिये। 19 फरवरी को इसी घर में युवती की शादी है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी है।

चोरी की यह घटना शहर की विवेकानंद कॉलोनी की है। यहां पर आशुतोष यादव का परिवार रहता है। 19 फरवरी को उनकी बहन की शादी है तथा 11 फरवरी को तिलक का घर में कार्यक्रम होना है। लिहाजा, घर में शादी की तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार रात अचानक उनकी मां की तबियत बिगड़ गई थी। लिहाजा परिजनों को उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिवार के सभी लोग मुरादाबाद में थे, कॉलोनी के घर में ताला लगा हुआ था। शुक्रवार रात किसी समय चोरों ने मकान का ताला तोड़ लिया। इसके बाद चोर यहां से नकदी व जेवरात चोरी कर फरार हो गए। शनिवार सुबह पड़ोसियों




ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना आशुतोष यादव को दी। खबर मिलते ही वह फौरन घर पहुंचे, भीतर जाकर देखा तो कमरों में सारा सामान तितर-बितर पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामी के मुताबिक चोर उनके घर से नकदी व जेवरात समेत लगभग 10 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

# होटल पर खड़ी कार से महिला का बैग चोरी

## नकदी, एटीएम कार्ड, लैपटॉप पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** नोएडा की महिला की कार से युवक ने लैपटॉप, पेनकार्ड, नकदी से भरा बैग चोरी कर लिया। पुलिस ने एक सप्ताह बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना हाईवे पर डिडौली कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक ढाबे की है। नोएडा के सेक्टर 168 निवासी पर्णिका शंकर 26 जनवरी को मुरादाबाद से नोएडा लौट रही थीं। रास्ते में वह डिडौली में स्थित एक ढाबा पर कार खड़ी कर खाना खाने चली गई थीं। इसी दौरान एक कार उनकी कार के पास आकर रुकी। उसके चालक ने पर्णिका शंकर की कार की डिग्गी खोली तथा उसमें रखा बैग चोरी कर लिया। जिसमें लैपटाप, नकदी, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि सामान रखा था। थोड़ी देर बाद जब वह खाना खाकर वापस लौटीं तो कार में बैग नहीं था। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर

### पुलिस ने एक सप्ताह बाद लिखी रिपोर्ट

पहुंची पुलिस ने ढाबा पर लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी तो घटना करते दूसरी कार का चालक दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक घटना को अंजाम देकर युवक एक मिनट के भीतर ही वहां से चला गया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# गृहक्लेश में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गृहक्लेश के चलते युवक ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले की है। यहां रहने वाला एक युवक पेशे से मजदूर था, उसकी शादी भी हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिन से परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था। गुरुवार रात खाना खाने के बाद युवक कमरे में सोने चला गया जबकि अन्य परिजन दूसरे में कमरे में सो रहे थे। इसी विवाद के चलते रात में किसी समय युवक ने कमरे में फंदे पर लटककर जान दे दी। शुक्रवार सुबह में जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई, उन्होंने भीतर जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया।

# खोदी सड़कों की मरम्मत कराए जल निगम: मलिक

## कैम्प लगाकर पात्र लोगों के बनाये जायें आयुष्मान कार्ड, प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री व प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विकास कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे विशिष्ट अतिथिगृह के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने निर्देश दिए की विशिष्ट अतिगृह परिसर में वृक्षारोपण अवश्य किया जाये। इसी प्रकार उन्होंने अमरोहा कैलसा मार्ग से पाकबड़ा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य एवं सुदृढ़ीकरण के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के साथ सड़क के दोनों तरफ वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम से पूछा कितने गांव में पानी की सप्लाई हो रही है, कितने शेष हैं और जो शेष हैं उनका कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा आदि की पूर्ण जानक. ारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनप्रति. निधियों के पास बहुत अधिक जल निगम से संबंधित शिकायत आ रही हैं, इसलिए कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

### मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के घेराव के बाद प्रभारी मंत्री ने दिये निर्देश

जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रमुखता में से एक है। उन्होंने कहा कि जनपद के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनके सुझाव लिए जाएं और आगामी बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त न हो। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए खराब ट्रांसफार्मर की बदलने की जानकारी और विद्युत की आपूर्ति, क्षमता वृद्धि, बिजली चोरी की शिकायत, लाईद लॉस आदि विभिन्न जानकारी ली और अधिक्षण अभियन्ता विद्युत को आवश्यक निर्देश दिये। इसी के साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.आभा दत्त से जनपद में संचालित विभाग से संबधित योजनाओं की जानकारी ली तो वहीं सीएमओ डॉ.योगेन्द्र सिंह से आयुष्मान भारत योजना की जानकारी ली। कहा कि जो पात्र व्यक्ति हैं, उनके कार्ड कैंप लगाकर बनाए जाएं। डीएम ने सभी ब्लॉक में शुरू किए गए आजीविका दीदी मार्ट की जानकारी दी, जिस पर प्रभारी मंत्री ने इस पहल के उनकी सराहना की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, उर्वरकों की उपलब्धता, यूरिया की उपलब्धता की विस्तृत जानक. ारी उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी से लेकर निर्देश दिए की उर्वरक आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न न हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक को शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो व विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने भी संबोधित करके अपने विचार व्यक्त किए। इस पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।

# डीएम ने पालिका के कार्यों का लिया जायजा



गजरौला। कार्यों का जायजा लेतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नगर के विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया गया।

डीएम ने फाजलपुर फाटक पर प्रस्तावित निर्माण कार्यों तथा भानपुर रोड स्थित फायर स्टेशन के बाहर साइड साइड पटरी की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। यहां के बाद हसनपुर रोड स्थित

### कई स्थानों पर साइड पटरी के कार्य की स्थिति देखी

वार्ड संख्या 18 चौपला पर प्रस्तावित कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नगर पालि. का द्वारा हाल ही में निर्मित कराई गई साइड पटरी का भी जायजा लिया। डीएम ने ईओ से कार्यों के सम्बंध में जानकारी भी ली। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, पूर्व विधायक नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, लिपिक ललित कुमार मौजूद रहे।

# युवक की पिटाई कर मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रास्ते में रोककर एक व्यक्ति ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव मौहम्दाबाद निवासी मुहम्मद शान पक्कापुल के पास रास्ते में जा रहा था, तभी एक व्यक्ति आया और उसे रास्ते में रोककर मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी मौके से भाग गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# जीएमएस के दो छात्रों को घेरकर पीटा

## चार हमलावरों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जीएमएस कालेज के दो छात्रों को रास्ते में रोककर कार सवार युवकों ने घेरकर बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

घटना शुक्रवार शाम डिडौली क्षेत्र में पूरनपुर-चुबका रोड की है। गांव चुबका निवासी अंकुश और उसका चचेरा भाई विनीत रजबपुर स्थित जीएमएस कॉलेज में पढ़ते हैं। शुक्रवार शाम दोनों बाइक पर सवार होकर कॉलेज से घर लौट रहे थे। उनका आरोप है कि गांव के रास्ते में कार में सवार होकर आए चार युवकों ने घेरकर रोक लिया। इसके बाद बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर हमलवार जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, हमले की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर आ गए। घायल अंकुश और विनीत को फौरन अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार दिलाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित पक्ष की ओर से किसी भी तरह की रंजिश से इनकार किया जा रहा है। आरो. पियों की पहचान के लिए रास्ते मे लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले कमाल

## अवारा पशुओं की समस्या का समाधान हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कांठ से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने शनिवार को हसनपुर क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से मुलाकात की। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुलाकात के दौरान विधायक ने छुट्टा पशुओं की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि अवारा पशु न केवल किसानों की जान ले रहे हैं जबकि फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। बल्कि आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों और संपर्क मार्गों की बदहाली पर कड़ा रोष व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि खराब रास्तों के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने जल निकासी, बिजली-पानी की किल्लत, अतिक्रमण और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द मरम्मत और



निर्माण कार्य शुरू करें। एसडीएम और तहस. ीलदार ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आरिफ अख्तर, चंद्रपाल सैनी, कैसर परवेज, यशवीर नागर, संदीप गुर्जर, कासिम मकरानी, बदर कुरैशी विक्की अब्बास और यूसुफ कुरैशी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समिति के डायरेक्टर की ब्रेन हेमरेज से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** सहकारी समिति के डायरेक्टर ब्रेन हेमरेज से मौत हो गयी।



मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकिया से जुड़ा है। यहां के निवासी मतलूब हुसैन पलौला सहक. ारी समिति में डायरेक्टर थे। शुक्रवार सुबह वह घर में बैठे हुए थे कि अचानक उनकी तबियत बिगड़ी गई, इसके बाद वह बेहोशी की हालत में चले गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। फिर भी परिजन हार्ट अटैक समझ कर जोया में एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मतलूब हुसैन को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का कारण ब्रेन हेमरेज बताया। दोपहर बाद परिजनों ने मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया, इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एएसपी ने किया सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानित अमरोहा। एएसपी ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को शाल ओढ़ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित विदाई समारोह में निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह, उ.प. निरीक्षक राकेश कुमार, दिनेश कुमार, सोमेंद्रपाल सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल सिंह और फायरमैन शेर सिंह को सेवानिवृत्त होने पर एएसपी अखिलेश भदौरिया ने शॉल ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया तथा आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहते जो सेवा की, उसी तरह अब आप जहां भी रहें पुलिस का सहयोग करते रहे।

## ऑल्टो व बाइक भिड़ंत में फालोअर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बाइक ऑटो कार की भिड़ंत में फॉलोवर बुरी तरह से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में मेरठ रेफर किया गया है। शनिवार की शाम रहरा क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी शुभम पुत्र वीर सिंह गजरौला से अपनी पत्नी को लेने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जब वह गांव हाकमपुर के समीप पहुंचा तो सामने से आ रही आल्टो कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे शुभम सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। सड़क पर पड़े घायल को कोई अस्पताल भेजने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन इसी दौरान दरिया दिली व इंसानियत दिखाते हुए ग्राम विकास अधिकारी विदित यादव ने अपनी कार से घायल को हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों द्वारा शुभम को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी विदित यादव द्वारा किये गये कार्य की चारों ओर प्रशंसा की जा रही थी। घायल शुभम त्रिवेणी शुगर मिल में फॉलोअर है।



अमरोहा। जेएस हिन्दू इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# कॉमेडी डांस ने जीता सभी का दिल

## धूमधाम से मना जेएस कालेज का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह एडीएम रहे। और विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक व डॉक्टर प्रवेश कुमार और प्रबंध समिति के संरक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर गजेन्द्र पाल सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया और प्रबंध समिति का विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने अंग वस्त्र मोतियों की माला बुके और बैज लगाकर स्वागत किया। पूरा पंडाल जनपद से आये हुए अतिथियों अभिभावकों और छात्र छात्राओं से खचाखच भरा रहा। दीप-प्रज्वलन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत कुलगीत राजस्थानी डान्स कालबेलिया पंजाबी डान्स एक तो डान्स जिसमें पूरे देश की झांकियों को दिखाया गया था साथ ही साथ बॉलीवुड मिक्स, इसके साथ लड़कों ने दो देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद होने का मंचन था। इसके साथ ही विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं प्रांतीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एनसीसी स्काउट गाइड और अंत. रराष्ट्रीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता जम्बूरी मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया है कार्यक्रम में छात्रों ने कॉमेडी डान्स प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही लूट ली अंत में छात्राओं ने राधाकृष्ण और होली पर आधारित डान्स प्रस्तुत करके सबको ताली बजाने पर मजबूर किया। प्रबंध समिति ने पूरे स्टाफ को इस स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। वीके शुक्ला, अनिल कुमार, मधुलिका गुप्ता, सविता विश्नोई, ममता दलेला, आरोही अध्यक्ष पंकज गुप्ता जी उपाध्यक्ष योगेश जैन , प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन संरक्षक शिव स्वरूप टंडन आशीष भालवर , विमल कुमार टंडन , जमशेद कमाल डॉक्टर आदिल अब्बासी मौजूद रहे।

# टांडा के सनराइज्ज इण्टर कॉलेज में 26 वें वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम का हुआ आयोजन

## हमारी कोशिश है कि टांडा और अतराफ की बच्चियां शिक्षा प्राप्त कर ऊंचे ओहदों पर पहुंचें- सरताज जहाँ







शाह टाइम्स /मो मुस्तजाब

**टांडा।** शनिवार को सनराइज्ज इण्टर कॉलेज में 26 वाँ वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता सनराइज इण्टर कॉलेज की प्रबंधक सरताज जहां रहमानी ने की तथा संचालन मोहम्मद उवैस इकराम ने किया। प्रोग्राम की शुरूआत सोफिया रहमान की नात पाक से की गई। देश भक्ति गीत, नज्म, नातें बच्चों द्वारा पेश किए गए। जहेज एक लानत पर अलनिदा ग्रुप ने बहुत शानदार प्रस्तुति पेश की। जिस को बच्चों और अभिभावकों ने बहुत सराहा, शिफा रहमान ने अपने भाषण में मां-बाप के हुकूक पर रोशनी डाली। आसिफा ग्रुप के द्वारा अलविदाई तराना पेश किया गया। सनराइज इण्टर कॉलेज के अध्यक्ष मोहम्मद लुकमान द्वारा बच्चों को संबोधन करते हुए कहा कि सनराइज इण्टर कॉलेज का कयाम सन 1999 में किया गया, जब टांडा में असरी शिक्षा की शुरूआत न के बराबर थी। तब हमने टांडा और ग्रामीण क्षेत्र में घूम घूम कर घर घर कुंडी खट खटाकर अभिभावकों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और बच्चों और बच्चियों को स्कूल लेकर आये। सनराइज इण्टर कॉलेज टांडा के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व सभासद मोहम्मद इकराम ने बच्चों को अवगत कराया कि आज सनराइज से पढ़ने वाले मेहनती बच्चे आज पुलिस, स्वास्थ ,तहसीलों में, फोर्स में बहुत बड़ी तादाद में सरकारी नौकरियों में तैनात हैं। इन्होंने आगे कहा कि आप सभी भी मेहनत करें, अच्छे नंबरों से पास हो घर परिवार का नाम रोशन कर देश का गौरव बढ़ाएं। प्रबंधक सरताज जहां रहमानी ने बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि जब से कॉलेज की स्थापना हुई है तभी से में कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों के घर डोर तो डोर जा रही हूं, मेरी पूरी कोशिश यह रहती है कि टांडा और अतराफ की बच्चियां शिक्षा प्राप्त कर ऊंचे ओहदों पर पहुंचें। जब से स्कूल कायम हुआ है तब से अब तक कहीं न कहीं हम लड़कियों की शिक्षा के लिए विरोध भी झेल रहे हैं परंतु इन सारी दिक्कतों को इग्नोर कर शिक्षा को आगे बढ़ा रहे हैं। आखिर में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इरफान, कारी अजहर, उवैस इकराम, नाजिया परवीन, अफीफा रहमानी, जाकिर अली, दीपू सिंह, सौरभ सिंह, राजेश सिंह, शोएब आलम, राशिद अली व अभिभावक उपस्थित रहे।

# पहले तलाकशुदा महिला से किया निकाह, फिर दिया तलाक

## महिला के जेवर कब्जे में लेने के बाद ससुराली मांग रहे थे दहेज

**›› एसपी के आदेश पर खजुरिया थाने में ससुरालियों पर दर्ज हुआ केस**

शाह टाइम्स

**रामपुर।** इंस्ट्राग्राम पर पहले तलाकशुदा महिला को युवक ने अपने प्रेमजाल में फांस लिया। निकाह करने के बाद महिला के सभी जेवर ससुरालियों ने कब्जे में ले लिया। महिला के पैसे खत्म होने के बाद ससुराली दहेज की मांग करने लगे। इंकार करने पर महिला को प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया और पति ने तलाक दे दिया। पीड़िता की शिकायत पर एसपी के आदेश पर खजुरिया थाने में ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मूलत राजस्थान के विश्वकर्मा नगर गली नंबर 17 निवासी रेशमा ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। उसका कहना था कि वह जयपुर में रहकर सिलाई-कढ़ाई करके अपना जीवन निर्वाह कर रही थी। इंस्ट्राग्राम पर उसकी मुलाकात खजुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम टेहरी महतोष निवासी राशिद से हुई। इसके बाद दोनों फोन पर बात करने लगे और बात निकाह तक पहुंच गई। रेशमा के अनुसार उसने बताया कि वह तलाकशुदा है, जिस पर राशिद व उसके परिवार वालों ने कोई आपत्ति नहीं की। करीब एक साल पहले उसका राशिद से निकाह हो गया। वह करीब तीन लाख रुपये के जेवर व अन्य घरेलू सामान लेकर ससुराल आई। रेशमा के अनुसार जब तक उसके पास पैसे थे तब तक सही रहा लेकिन पैसे खत्म होते ही ससुरालियों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। उसके सारे जेवर कब्जे में लेने के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। किन्नर के साथ पति ने मिलकर एक बार उसे बुरी तरह से पीटा और तलाक दे दिया। मामले की शिकायत खजुरिया थाने में की तो पुलिस ने समझौता कराकर घर भेज दिया। हालांकि इसके बाद ससुरालियों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और उसे मारपीट कर सारे जेवर लेकर घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश के बाद पति ग्राम टेहरी महतोष निवासी पति राशिद, सास हमशीरन, नबी अहमद, रूबी, रुखसार, परवीन, रेशमा किन्नर और आजम पठान के खिलाफ खजुरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एसडीएम ने बूथों पर जाकर बीएलओ के कार्य चेक किए

शाह टाइम्स
जहीर खान



**शाहबाद/रामपुर ।** शनिवार को एसडीएम आशुतोष कुमार ने क्षेत्र के कई बूथों पर जाकर बीएलओ के कार्यों को चेक किया। इस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि 18 साल की आयु के हर युवा का वोट बनने से छुटने न पाएं। इस दौरान फार्म 6 और फॉर्म 8 अधिक मात्रा में भरे गए। एसआईआर के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद कुछ लोगों के नाम में कुछ गलतियां सामने आई थी, शनिवार को शहर समेत क्षेत्रभर के बूथों पर बीएलओ ने शाम तक बैठकर संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरवाकर जमा किए वही नए वोटर बनाए जाने के लिए फार्म 6 भरकर जमा किए गए। इस दौरान सभी बूथों पर नए वोट बनवाने के लिए लोगों में उत्सुकता दिखाई दी।

# दामाद-ससुर पर हमला करने के आरोपी में ने भी कराई रिपोर्ट

## मकान के बंटवारे को लेकर घर में घुसकर हमला करने का आरोप

शाह टाइम्स

**रामपुर।** रंजिशन घर के बाहर खड़े दामाद-ससुर पर जानलेवा हमला करने के आरोप में फंसे युवक ने भी गंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उसने दामाद समेत चार पर मकान के बंटवारे के विवाद में घर में घुसकर हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना गंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीला तालाब की है। मोहल्ले निवासी आतिफ का मोहल्ला पीलातालाब निवासी सगे भाई आदिल व फैजान खां के खिलाफ गंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आतिफ ने आरोप लगाया था कि 25 जनवरी को वह घर के बाहर खड़ा था तभी दोनों भाइयों ने हमला करते हुए उसे जमकर पीट दिया। बचाव में जब उसके ससुर आए तो धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर भीड़ जुटी तो आदिल व फैजान जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इस मामले में अब फैजान ने गंज कोतवाली में चौकी पीलातालाब निवासी जाकीर खां, आतिफ, आरीश और राकीब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में फैजान का कहना है कि उसका चारों से मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। फैजान का आरोप है कि 25 फरवरी की रात को भी ने उसके घर पर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार भी किया लेकिन वह बच गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रेत से भरे वाहनो को रात नो बजे तक सड़क पर खड़ा होने को किया जाए प्रतिबंधित जिला अधिकारी से की मांग

शाह टाइम्स

**मसवासी।** सड़क पर खड़े होने वाले रेत से वाहनो को रात नो बजे तक प्रतिबन्धित किया जाये इसकी मांग जिला अधिकारी से की गई है जिला संयोजक बजरंग दल अर्जुन गुपता ने जिला अधीकारी को भेजे पत्र मे मांग की है कि खुशहालपुर मोड़ से लेकर मिलकर नोखरीद तके सुबह से ही रेत से भरे वाहनो की कतार लगना शुरू हो जाती रात आठ बजे तक रेत के वाहन खड़े रहने से सड़क पुरी तरह बन्द हो जाती है जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटनाये होती रहती है जिला संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता आकाश मौर्य कपिल कश्यप ने जिला अधिकारी से मांग की है कि रात नो बजे तक इन रेत से वाहनो को रोड पर खड़ा होने पर रोक लगाई जाए जिस्से दुर्घटना होने से रोकी जा सके।

# बोलेरो कार ने दो बाइक सवारो को रोधा हालत नाजुक

शाह टाइम्स

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के खटीमा पानीपत नेशनल हाईवे पर बोलेरो कार ने बाइक सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया बाइक सवार दोनों घायलों को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शुक्रवार की रात लगभग दस बजे गांव मिलक नोखरीद निवासी रवि पुत्र करण सिंह, गौरव पुत्र देवी शरण काशीपुर से आवश्यक सामान लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। मिलक नौखारीद सुल्तानपुर पट्टी अंडरपास के पास बाजपुर दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उन्हें रौंद दिया जिससे उनकी हालत मरणासन्न हो गई दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उठाकर काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है दुर्घटना की रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने बताया की दुर्घटना में एक बाइक सवार की हालत नाजुक है जबकि दूसरे की हालत सामान्य है बोलेरो कार चालक को सुपुर्दगी में दिया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### नमाज पढ़के वापस लौटे युवक की बाइक चोरी कोतवाली मे दी तहरीर

शाह टाइम्स

**शाहाबाद/रामपुर ।** शुक्रवार को नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी रशीद अहमद पुत्र बुंदु अहमद ने थाना शाहबाद मे तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को अपनी स्प्लेंडर बाइक जिसका नंबर यू पी 22 ए यू 2410 से जुमे की नमाज पढ़ने बिजली घर के पीछे नूरानी मस्जिद गया था । जब रशीद नमाज पढ़ के वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहाँ पर नही थी रशीद ने इधर उधर काफी तलाश की लेकिन मोटरसाइकिल कहीं नहीं मिली रशीद ने कोतवाली पहुंचकर गुम हुई मोटरसाईकिल की तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शराब के लिए पैसे न देने पर मां पर किया जानलेवा हमला

## बेटी ने किसी तरह से बचाया, भाई पर कराई रिपोर्ट

शाह टाइम्स

**रामपुर।** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र में शराब के लिए पैसे न देने पर कलयुगी बेटे ने मां पर जानलेवा हमला कर दिया। ईंट से वारकर मां को बुरी तरह से घायल कर दिया। इतना ही नहीं एक हाथ भी तोड़ दिया। शोर-शराबा होने पर पड़ोसियों की मद्द से बेटी ने किसी तरह से मां को बचाया। महिला को उपचार के लिए भर्ती कराने के बाद आरोपी बेटे के खिलाफ शाहबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगेश्वर निवासी वीर सिंह के बेटी रोनी का कहना है कि उसके पिता वीर सिंह दिल्ली में काम करते हैं। गांव में रोनी अपनी मां माया देवी और भाई राजू भारती के साथ रहती है। रोनी का कहना है कि 30 जनवरी को उसका भाई राजू भारती घर आया और मां से शराब के लिए पैसे मांगने लगा। मां ने जब पैसे न होने की बात कही तो भाई राजू भड़क गया और मां से झगड़ा करने लगा। आरोप है कि उसने ईंट उठाकर मां पर हमला कर दिया और बुरी तरह से वारकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं मां का हाथ भी तोड़ दिया। शोर शराबा होने पर बेटी ने ग्रामीणों की मद्द से मां को बचाया। इसके बाद वह मां को लेकर सीएचसी पहुंची लेकिन हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बेटी की तहरीर पर शाहबाद कोतवाली में आरोपी बेटे राजू भारती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सेवन सीज होटल में आयोजित हुई सराफा कमेटी की एक बैठक

शाह टाइम्स
जहीर खान



**शाहबाद/रामपुर ।** सराफा कमेटी शाहबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक सेवन सीज होटल में आयोजित की गई जिसमें समस्त सराफा व्यापारियों ने व्यापार करते समय आ रही परेशानियों को कमेटी के समक्ष रखा और एक स्वर में कहा कि ग्राहकों द्वारा सराफा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपको बताते चलें कि ग्राहक बनकर आए बदमाशों द्वारा आए दिन नकली जेवरात बेच जाने अथवा गिरवी रखवाने की शिकायतें अक्सर सराफा व्यापारियों को दुविधा में डाल देती हैं। वहीं आभूषण देखने के बहाने झपट्टा मारकर आभूषण लेकर भाग जाने की शिकायतें भी आती रही हैं। अधिक जानकारी देते हुए कोषाध्यक्ष केशव गुप्ता द्वारा बताया गया कि स्वर्ण कारों की सुरक्षा हेतु बनाया गया। भारत स्वर्णकार सेतु नामक संगठन ने नगर के सराफा व्यापारियों से उनके साथ जुड़ने का आह्वान किया है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, सराफा कमेटी के अध्यक्ष सोहन लाल रस्तोगी, महामंत्री मुकेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष केशव गुप्ता के साथ-साथ कैलाश चंद्र गुप्ता, अभय गुप्ता, अनिल रस्तोगी, राजकुमार रस्तोगी, सचिन रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, निशु रस्तोगी, सौरभ रस्तोगी, गौरव रस्तोगी, सचिन रस्तोगी, सुरेश रस्तोगी, हरिओम रस्तोगी सहित अनेकों व्यापारी रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पूर्व मूर्तियों को कराया नगर भ्रमण

शाह टाइम्स/जहीर खान

**शाहबाद/रामपुर ।** नगर के मोहल्ला हकीमान बरबलान शिव मंदिर शाहबाद में शनिवार के दिन मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया ।सर्वप्रथम पूजन पाठन के साथ शाम लगभग 4 बजे 84 कलश स्नान के साथ-साथ मोहल्ला हकीमान शिव मंदिर पर स्थापित कराई जाने वाली मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर महाराजा बैंड की मनमोहक धुनों पर लोग मूर्तियों के साथ नाचते घूमते गाते आगे बढ़ रहे थे वहीं महिलाएं भी सिर पर कलश लेकर साथ चल रही थी। भगवान गणेश, पंचमुखी हनुमान, राम दरबार, लक्ष्मी नारायण, राधाकृष्ण, खाटू श्याम की मूर्ति को पूजन कार्यक्रम के पश्चात नगर भ्रमण कराया गया। तीन दिन तक चलने वाला यह संपूर्ण कार्यक्रम आचार्य नितिन भारद्वाज व उनके शिष्य कौशल मिश्रा व अक्षत भारद्वाज व योगेंद्र भारद्वाज द्वारा पूरे विधि विधान से पूर्ण कराया गया और अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, अनिल रस्तोगी, सौरभ रस्तोगी, हरिओम गुप्ता, मोतीलाल बरनवाल, संजीव रस्तोगी, राजेश गुप्ता, मयंक अग्रवाल, जी के पाठक, राजेश गुप्ता, अनुराग गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, प्रबल गुप्ता, नरेश गुप्ता, डॉ अमित गुप्ता, सचिन गुप्ता,सुधीर शर्मा, पीयूष गुप्ता, रवि गुप्ता, अभय गुप्ता, राम किशोर, अनुराग गुप्ता, राज कुमार सहित अनेकों पुरुष व महिलाएं रहे।

### दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट का भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने फीता काटकर किया शुभारंभ

शाह टाइम्स



**मसवासी ।** नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने ग्राम मंसूरपुर में शिव क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट में उत्तराखंड समेत 8 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें सुल्तानपुर पट्टी से हुसैन क्लब, मिलक नौखरीद से स्टार क्लब, सेमरा लाडपुर से मुस्कान क्लब, मानपुर उत्तरी से सुल्तान क्लब, बिजारखाता से सनातनी क्लब, मंसूरपुर से शिव क्लब, सरकड़ा से रहमान क्लब, तथा बाजपुर उत्तराखंड से सिकंदर क्लब की टीमों ने वॉलीबॉल टूनामेंट में हिस्सा लिया। इस मौके पर समाजसेवी संजीव कुमार वर्मा जिला पंचायत सदस्य रियासत अली मंसूरपुर ग्राम प्रधान विकास मौर्य, रोहिताश आर्य ,संजीव मौर्य, प्रमोद मौर्या, विनोद मौर्य ,कमल मौर्य, जमुना मौर्य, विनय मौर्य, संजू यादव ,मुकुल सागर, दिनेश सागर आदि शामिल रहे।

# कल रामपुर आएंगे पूर्व कैबिनेट मंत्री नकवी

शाह टाइम्स



**रामपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी अपने दो दिवसीय दौरे के तहत कल यानि की रविवार को रामपुर आएंगे। उनका सरकारी कार्यक्रम जारी हो गया है। जिसके तहत रविवार की दोपहर करीब 12.30 बजे वह कार द्वारा रामपुर पहुंचेंगे। रविवार को ही दोपहर एक बजे वह उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महामंत्री व भाजपा नेता कपिल आर्य के कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर शामिल होंगे। इसके बाद कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। रात को वह शंकरपुर स्थित अपने आवास पर रुकेंगे। दो फरवरी को वह अपने आवास पर पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और मीडिया से मुलाकात करेंगे। दोपहर को भाजपा नेता महासिंह राजपूत की पुत्री के विवाह में शामिल होंगे। शाम को वह वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### अक्षय ट्रेडर्स पर भूमि विकास बैंक के नव निर्वाचित अध्यक्ष का हुआ स्वागत



शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद/रामपुर ।** बिलारी रोड स्थित अक्षय ट्रेडर्स पर पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा भाजपा राजकुमार गुप्ता सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने नव निर्वाचित भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी का फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी ने अध्यक्ष से यह अपेक्षा की कि वह बैंक से संबंधित किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण कराएंगे और उन्हें लाभकारी योजनाओं का लाभ भी दिलवाएंगे। भाजपा नगर महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने भी भूदान की भूमि को गोवंश के चारे के उपयोग के लिए देने और गौ संरक्षण के लिए प्रभावी योजनाओं को पार्टी का एक उत्तम कार्य बताया। इस स्वागत करने वाले कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान रामवीर सिंह, प्रधान पप्पू प्रजापति, ज्ञान सिंह, चंद्रपाल सिंह, राजू सलोरा, विजेंद्र सिंह, सुरेश दिवाकर, ओम प्रकाश, रमेश लोधी सहित अनेकों कार्यकर्ता रहे।

# क्षेत्राधिकारी के निर्देश के बाद भी शाहबाद में अतिक्रमण

*भाजपा युवा नेता ने अतिक्रमण की मुख्यमंत्री से की शिकायत*

शाह टाइम्स/जहीर खान

**शाहबाद/रामपुरभाजपा ।** युवा नेता ने फुटपाथों पर दुकान , ई रिक्शे, टेंपो आदि से हो रहे अतिक्रमण की उत्तर प्रदेश सरकार के पोर्टल पर मुख्यमंत्री जी से शिकायत की है जिसमें कहा है कि जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी सख्त निर्देश है कि बस स्टैंड रोडवेज आदि के पास अतिक्रमण न करें फिर भी शाहबाद में लोगों के कानों में जूं तक नहीं रिंग रही। ऐसा मामला शाहबाद क्षेत्र के सभी चौराहों पर देखने को मिल सकता है जहां अतिक्रमणकारियों का कहना है कि जब नगर पंचायत शाहबाद का ऐलान लगता है तो वह अपना बड़ा हुआ अतिक्रमण हटा लेते हैं नहीं तो सरकारी सड़क एवं नगर पंचायत की सरकारी जमीन पर वह बेधड़क अपनी जान जोखिम में डालते हुए अतिक्रमण करना उनका शौक बन गया है। जबकि शाहबाद क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन हर बार अपने निरीक्षण में अतिक्रमण करने वालों से हटाने की अपील कर रहे हैं। सिरोली रोड आदि जगह पर सरकारी जगह पर तो हद कर दी जिन्होंने हाईवे पर अपनी दुकानें लगा रखी है आए दिन ट्रक वालों से रोडवेज वालों से इनके झगड़े होते रहते हैं जहां किसी दिन भी कोई बड़ा हादसा ना हो जाए जिसके लिए बाद में प्रशासन की जिम्मेदारी का आरोप लगाया जाएगा ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। गांव पैगानगरी उर्फ नगरिया भगत निवासी 30 वर्षीय जोगेश उर्फ जोगी पटेल की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

परिजनों के अनुसार जोगेश पटेल रामपुर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे और रोजगार के सिल. सिले में वहीं रहते थे। बीते दिन वह रोडवेज बस से घर लौट रहे थे। नल नगरिया चौराहे के पास बस से उतरते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार



दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। हालांकि हालत नाजुक होने के कारण शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा सके।इस हादसे में जोगेश की पत्नी चित्रा देवी और दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं और हर आंख नम दिखाई दे रही है।

# पुलिस पर फायर करने वाला हिस्ट्रीशीटर दबोचा

**■ तौकीर और अनीस से मिला था ये निर्देश**



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** आई लव मुहम्मद विवाद के बाद शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फरार चल रहे शातिर मजारिया हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया। बवाल के आरोपी हिस्ट्रीशीटर सुभान ने पार्षद अनीस सकलैनी के उकसाने पर पुलिस पर फायरिंग की थी।

शुक्रवार को पुलिस मुखबिर की सूचना पर बारादरी पुलिस पीलीभीत बाइपास रोड स्थित सम्राट अशोकनगर जाने वाले रास्ते पर पहुंची तो अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ मजारिया हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन निवासी किशोर बाजार तिराहा सिविल लाइन, थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन ने पुलिस को बताया कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां से उसकी जान पहचान है। उसको इस्लामिया ग्राउंड में धरना प्रदर्शन के लिए तौकीर रजा खां ने बुलाया था।

लिहाजा उसने इस्लामिया ग्राउंड पहुंचने की कोशिश में पुलिस के रो. कने पर फायरिंग की थी। बवाल से एक दिन पहले रात को सुभान की मुलाकात चक महमूद के पार्षद अनीस सकलैनी से हुई। अनीस ने निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में इस्लामिया पहुंचना है। भले ही पुलिस रोके मगर जबरदस्ती पहुंचना होगा। कुछ लोग ईंट पत्थर, एसिड की बोतल, पेट्रोल बम तो कुछ हथियारों के साथ रहेंगे। सुभान पर भरोसा जताते हुए अनीस ने तमंचा और कारतूस भी दिए।

बवाल वाले दिन पुलिस ने इस्लामिया जाने से रोका तो वह भी भीड़ में शामिल था। लिहाजा उसने भी दो से तीन राउंड फायर किए। बवाल के बाद से वह फरार था। जब खर्चा नहीं चल सका तो बरेली लौटकर आ गया।

साथियों से उधार को लेकर विवाद हुआ था, तो पुलिस पुलिस खोजते हुए पहुंची तो घर छोड़कर फरार हो गया। वह अजमेर भागने की फिराक में था मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## एक नजर

# मीरगंज में हनुमान मंदिर पर सुन्दर कांड व हवन यज्ञ, प्रसाद वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** मढ़ी सत्याना स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार को सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जन समुदाय ने हवन में आहुति दी। हवन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।बता दें कि मीरगंज के मढ़ी सत्याना पर प्राचीन हनुमान मंदिर है। शनिवार को मीरग. ंज के मोहल्ला रतनपुरी के रहने वाले रघुवीर गुप्ता ने अपने पुत्र वरुण गुप्ता के साथ मंदिर परिसर में सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया। मीरग. ंज के पंडित राज किशोर शर्मा तथा सिधौली के विनय कुमार शर्मा ने हवन यज्ञ ने पुरोहित की भूमिका निभाई। सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जन समुदाय ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ईको कार की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**पैर काटना पड़ा, चालक पर मुकदमा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव शीशमखेड़ा निवासी मोनिस खां पुत्र गौर खां 18 जनवरी की शाम अपने मित्र फिरोज के साथ सिरौलीख्रमीरगंज रोड पर प्याऊ की पुलिया के पास सड़क किनारे कच्चे में बाइक खड़ी कर खड़े थे। इसी दौरान शाम करीब छह बजे तेज रफ्तार ईको कार ने दोनों को टक्कर मार दी।

हादसे में मोनिस व फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।घायलों को तत्काल सीएचसी भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन मोनिस को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां 28 जनवरी को डॉक्टरों को उसका दाहिना पैर घुटने के ऊपर से काटना पड़ा। वहीं घायल फिरोज का उपचार अभी भी चल रहा है। मोनिस के भाई उमर की तहरीर पर पुलिस ने ईको कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# सोशल मीडिया से बिगड़ते पारिवारिक रिश्ते, एक घटना ने खड़ा किया सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** आधुनिक दौर में सोशल मीडिया जहां संवाद का सशक्त माध्यम बना है, वहीं इसके दुरुपयोग से पारिवारिक रिश्तों में तनाव की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है। यहां शादी के करीब 16 वर्ष बाद तीन बच्चों का पिता सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आई एक महिला के साथ घर छोड़कर चला गया, जिससे दो परिवार प्रभावित हुए हैं।थाना क्षेत्र के गांव अंबरपुर निवासी किरन पत्नी करन सिंह ने बताया कि उनका वैवाहिक जीवन सामान्य रूप से चल रहा था। उनके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि उनके पति का सोशल मीडिया के जरिए एक अन्य महिला से संपर्क बढ़ा, जिसके बाद चार जनवरी को वह पत्नी और बच्चों को छोड़कर चला गया। पीड़िता ने मीरगंज पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# जन्मदिन समारोह में पहुंचे पिता से दबंग ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव में बेटी की ससुराल आए पिता के साथ मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र की बस्ती प्रभातनगर निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक दबंग ने गाली-गलौज करते हुए उनकी कार तोड़ दी और आग लगाने का प्रयास किया।

पीड़ित अपनी पुत्री की ससुराल ग्राम बरखन में उसके बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 18 जनवरी की रात करीब 8 बजे परिवार सहित चार पहिया वाहन से पहुंचे थे। उन्होंने वाहन को पास की खाली जगह में खड़ा कर दिया और बेटी के घर चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद गांव का ही एक युवक वहां पहुंचा और गंदी-गंदी गालियां देने लगा। उसने जमीन को अपनी बताते हुए जबरन वाहन हटाने को कहा। पीड़ित द्वारा अनजाने में गलती होने और वाहन तुरंत हटाने की बात कहने पर युवक और अधिक उग्र हो गया और वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे कार का अगला शीशा टूट गया। इतना ही नहीं, आरा. ेपी ने माचिस निकालकर कार में आग लगाने का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे रोका। बीच-बचाव के दौरान आरोपी ने पीड़ित पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके शरीर पर कई चोटें आईं। आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट बरखन के लालता प्रसाद पुत्र डालचंद के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

# एक दिन पहले हुई मौत से नहीं लिया कोई सबक

**■ जेपीएन खेल मैदान पर युवकों ने ट्रैक्टरों से किया खतरनाक स्टंट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर रील बनाते समय शुक्रवार को एक युवक की हुई दर्दनाक मौत के अगले दिन भी युवकों कि लाप. रवाही और स्टंटबाजी का सिल. सिला थमता नजर नहीं आया। सोमवार को एक नामचीन स्कूल के छात्र फेयरवेल पार्टी में शामिल होने से पहले कस्बे के जेपीएन कॉलेज के मैदान में ट्रैक्टरों से खतरनाक स्टंट करते दिखाई दिए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र ट्रैक्टरों को तेज रफ्तार से घुमाते हुए मैदान में चक्कर काट रहे थे और एक-दूसरे से आगे निकलने की




होड़ में जोखिम भरे करतब दिखा रहे थे।

इसी दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेल मैदान की पुलिया पर चढ़ गया और वहीं धंस गया। ट्रैक्टर फंसते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि फंसे ट्रैक्टर को बाहर निकालने के लिए कई अन्य ट्रैक्टरों की मदद लेनी पड़ी।

काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को बाहर निकाला जा सका। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई छात्र या राहगीर उसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई , लेकिन तब तक स्टंट करने वाले छात्र वहां से जा चुके थे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि वीडियो फुटेज और स्थानीय लोगों की मदद से स्टंट करने वालों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्यवाही की तैयारी कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एक दिन पहले ही स्टंट करने के मामले में एक युवक की जान जा चुकी है, तब भी स्टंटबाजी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों और शैक्षणिक परिसरों में इस तरह के खतरनाक कृत्यों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नाबालिग छात्रा के साथ मारपीट दो युवकों के खिलाफ दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता कक्षा 10 की छात्रा है, जो प्रतिदिन अपने गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक इंटर कॉलेज में पढ़ने जाती है।

आरोप है कि गांव के ही दो युवक उसे लंबे समय से परेशान कर रहे थे। बीते मंगलवार शाम करीब 6 बजे, जब छात्रा गांव के मेले से सब्जी लेकर घर लौट रही थी, तभी आरोपितों ने रास्ते में एक सुनसान स्थान पर उसे जबरन खींच लिया। वहां दोनों ने मिलकर छात्रा के साथ बेरहमी से मारपीट की। छात्रा के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छह माह से बन्द स्कूल खोले जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव जादौपुर का प्राथमिक विद्यालय पिछले 6 माह से बन्द पड़ा है। बन्द विद्यालय को खोले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर द्वारा कई बार तहसील प्रशासन को ज्ञापन दिए गए लेकिन तहसील प्रशासन ने इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की।

तहसील प्रशासन द्वारा 6 माह से बन्द पड़े स्कूल के साथ ही ग्राम के छात्रों की पढ़ाई को लेकर कोई कार्यवाही न किए जाने से लोगों में खासी नाराजगी है। गुजरी 27 जनवरी को सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार द्वारा एस डी एम उदित पवार को सौंपे गए ज्ञापन में बन्द पड़े स्कूल को तत्काल खुलवाए जाने की मांग की। साथ ही



बन्द पड़े स्कूल को न खोले जाने पर दो फरवरी को तहसील परिसर में छात्रों की क्लासें लगाए जाने की चेतावनी भी दी थी। इस मामले में एड सुनीता गंगवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह शनिवार को एस डी एम के कहने के मुताबिक बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी मिली थी जिस पर उन्होंने मामला एसडीएम के ऊपर डाल दिया। उन्होंने बताया कि तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते इस मामले में कोई अमल नहीं किया जा रहा है को कि दुर्भाग्य पूर्ण है। स्थानीय प्रशासन को ग्राम के छात्रों के भविष्य को लेकर भी कोई चिन्ता नहीं है जिसको लेकर पैनी नजर 2 फरवरी को तहसील परिसर में छात्रों की क्लासें लगाएगी। उन्होंने छात्रों के साथ ही सभी अभिभावकों से सोमवार 2 फरवरी को तहसील परिसर पहुंचने की अपील की है।

# मतदाता सूची अपडेट को चला विशेष अभियान

**■ 1024 नए वोटरों ने कराया पंजीकरण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी बूथों पर बीएलओ तय समय पर मौजूद रहे और मतदाताओं से आवेदन स्वीकार किए गए।

अभियान के दौरान पहली जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले कुल 1024 युवाओं ने नए मतदाता के रूप में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरा, जिनमें 14



युवाओं ने ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया। वहीं मृतक एवं दोहरे नामों को हटाने के लिए 15 लोगों ने फार्म-7 जमा किया, जबकि मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए 140 आवेदन फार्म-8 के माध्यम से प्राप्त हुए। एसडीएम आलोक कुमार ने पैगानगरी, हुरहुरी, दियोसास, चुरई दलपतपुर, गुगई और मनकरा गांवों के बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने सतुईया पट्टी, सतुईया खास और मंसूरगंज समेत अन्य गांवों में पहुंचकर बीएलओ को निर्देश दिए कि पात्र युवाओं को जागरूक कर अधिक से अधिक नए नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाएं।

# नाबालिग लड़की संग दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** नाबालिग लड़की (16) को ले जाने के उपरांत दुष्कर्म करने के 10 वर्ष पूर्व के मामले में आरोपी थाना देवरनियां क्षेत्र निवासी दीनदयाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने 10 वर्ष कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

पीड़िता के पिता ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया था कि 21 मई 2015 की रात लगभग 1 बजे दीनदयाल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता ने अपने बयान में दीनदयाल द्वारा पीलीभीत के एक गांव मे ले जाकर दुष्कर्म करने की बात कबूली। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये। नाबालिग लड़की (14) के घर में 5 वर्ष पूर्व घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी थाना कैंट क्षेत्र निवासी शिलेन्द्र को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने 3 वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी। इसके अलावा 20 हजार रुपये सरकारी योजना के तहत भी दी जायेगी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि 11 दिसम्बर 2020 को शिलेन्द्र उसके घर दूध लेने आया। घर पर पुत्री को अकेला देखकर गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया। वह जोर से चिल्लाई, शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्हें देखकर शिलेन्द्र वहां से भाग गया। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये।

# बीस करोड़ के जीएसटी फ्रॉड का मास्टरमाइंड गाजियाबाद से दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** क्राइम ब्रांच और बिथरी चैनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी फर्म और कूटरचित दस्तावेज के सहारे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की चपत लगाने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता मेरठ के योगेश शर्मा को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। योगेश पर लगभग 20 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने का आरोप है। जांच में पता चला है कि गिरोह खाली ट्रकों और नकली कागजों के सहारे माल की सप्लाई दिखाता था, लेकिन वास्तविक लेनदेन कहीं नहीं होता था।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी योगेश मेरठ के ग्राम छजुपुरा का रहने वाला है। जांच में सामने आया है योगेश ने अपने साथियों




मनीष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (निवासी बरेली), अपर्णा अग्रवाल और आदी उर्फ युगांश बिसारिया के साथ मिलकर बरेली में "श्री श्याम ट्रेडर्स" नाम की फर्जी फर्म बनाई थी। सिर्फ इसी एक फर्म के जरिये करीब 14 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा पहुंचाया गया। इस मामले में राज्य कर अधिकारी अविनाश दीक्षित ने बिथरी चैनपुर थाने में मुक. दमा दर्ज कराया था। एसआईटी के मुख्य विवेचक निरीक्षक संजय कुमार धीर ने बताया कि गिरोह के एक अन्य सदस्य गौरव अग्रवाल को 25 जनवरी को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब योगेश की गिरफ्तारी के बाद पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हवाला कारोबारियों की तलाश में जुट गई है। योगेश के पास से पुलिस ने जो मोबा. इल फोन बरामद किया है, इसमें भारी मात्रा में फर्जी इनवॉइस, ई-वे बिल और व्हाट्सएप चौट मिली है। चौट से पता चला है कि यह गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में अपनी फर्जी फर्मों का जाल फैलाए हुए था। मोबाइल डेटा इतना अधिक है कि अब पुलिस इसका फॉरेंसिक टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है।

पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह जीएसटी फ्रॉड गिरोह केवल कागजों का खेल खेल रहा था, असल में माल की सप्लाई बिल्कुल नहीं होती थी। दस्तावेजों में सब कुछ दिखाया जाता, ट्रकों के रूट, ई-वे बिल और इनवॉइस बनाए जाते, लेकिन वास्तविक में गाड़ियां खाली चलती थीं और माल कहीं नहीं जाता था। ऐसे नकली रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज बनाने के लिए गिरोह किराये की दुकानों का इस्तेमाल करता था, फिर कुछ समय बाद उनका पता बदल देता था, ताकि विभाग की निगाहों से बचा जा सके। नकदी और फर्जी लेनदेन के पैसों को ठिकाने लगाने के लिये हवाला नेटवर्क का सहारा लिया जाता था, जिससे पैसा अंततः कई हाथों से गुजरकर वापस प्राप्त किया जाता था।

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के निर्देशन में गठित क्राइम ब्रांच की टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और साइबर एनालिसिस के आधार पर योगेश शर्मा को ट्रेस किया। पुलिस ने उसे गुरुवार देर शाम गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडीपी सवाना अपार्टमेंट के गेट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक योगेश पिछले कई सालों से इस संगठित अपराध को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तारी वाली टीम में क्राइम ब्रांच के मुख्य विवेचक संजय कुमार धीर, बिथरी थाने के सहायक विवेचक इन्तजार हुसैन, सर्विलांस सेल से उप निरीक्षक सतेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, विकास कुमार और अंकुर शर्मा शामिल है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि विवेचना के दौरान जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल डेटा और हवाला इनपुट की जांच के आधार पर सामने आया है कि यह गिरोह कई जिलों और राज्यों में फर्जी कंपनियों के माध्यम से जीएसटी में भारी धोखाधड़ी कर रहा था। इसके नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे सिंडीकेट की गहराई तक पहुंच बनाई जा रही है। आरोपी के अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। जांच एजेंसियों का लक्ष्य ऐसे संगठित आर्थिक अपराधों को जड़ से खत्म करना है और ऐसे नेटवर्कों को तोड़ना है जो जीएसटी प्रणाली का दुरुपयोग कर सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं।

# बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** नगर निगम का संपत्ति कर विभाग 400 बड़े बकायेदारों के बैंक खातों की डिटेल जुटा रहा है। सभी को नोटिस देकर संपत्तियों के कुर्क करने और बैंक खाते को सीज करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बकाया टैक्स वसूल किया जा सके।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि बकाया कर न चुकाने वाले यह संपत्ति जोन एक से लेकर जोन चार में शामिल हैं। रिकार्ड के अनुसार इन 400 बड़े बकायेदारों पर 33 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। इन्हें रकम जमा कराने को नोटिस जारी किया जा रहा है। इन बड़े बकायेदारों के बैंक खातों का नगर निगम पूरा ब्योरा जुटा रहा है, ताकि समय रहते बकायेदारों से हाउस टैक्स वसूल किया जा सके। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि संपत्ति कर विभाग ऐसे लोगों की सूची बना रहा है, जिन्होंने चार साल या उससे अधिक समय से हाउस टैक्स जमा नहीं किया है।

# एनजीटी के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा प्रशासन

**पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामला गरमाया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में एक मकान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के मामले में मृतक और घायलों को मुआवजा देने के एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की तैयारी तेज हो गयी है।

जिला प्रशासन एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के जरिए याचिका दाखिल करेगा। नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के पास प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर भेजा गया है ताकि स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल की जा सके। थाना सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में 2 अक्टूबर 2024 की दोपहर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। इसमें रहमान शाह व उनकी पत्नी छोटी बेगम घायल हुए थे। उनके परिवार के छह सदस्यों में तबस्सुम, निखत उर्फ नीना, शहजान, हरसान, सितारा, फातिमा व पड़ोस की महिला रुखसाना की मौत हो गयी थी। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित विस्फोट की खबर के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर वाद दर्ज करते हुए जिला प्रशासन को नोटिस भेजकर प्रकरण की जानकारी मांगी थी। एनजीटी ने 18 फरवरी 2025 को आदेश सुनाते हुए कहा कि राज्य पीड़ितों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।

पीड़ितों को तत्काल राहत की आवश्यकता है। आदेश में न्यायाधिकरण ने यह माना था कि मृतक पीड़ितों में से प्रत्येक के लिए मुआवजे की राशि 20 लाख रुपये होनी चाहिए। 50 प्रतिशत से अधिक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 15 लाख रुपये, 25 से 50 प्रतिशत तक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 10 लाख रुपये और 5 से 25 प्रतिशत तक चोट लगने वाले व्यक्तियों के लिए 5 लाख रुपये और मामूली जलन या साधारण चोटों के घायलों को 2 लाख का भुगतान करने की बात कही थी। एनजीटी द्वारा विभिन्न जनपदों में अवैध पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के दृष्टिगत विभिन्न वादों में जारी निर्देशों के अनुपालन को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 22 सितंबर 2025 को बैठक हुई थी। मुख्य सचिव ने प्रकरणों में एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के बरेली सहित संबंधित जनपदों को निर्देश जारी किए। मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की कार्रवाई जिला प्रशासन के स्तर से करायी जा रही है।

मुख्य सचिव के निर्देश पर एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम सिटी को नामित किया है।

डीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकार्ड रूचिरा गोयल को पत्र भी भेजा गया है, जिसमें बताया कि प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को भेजा जा रहा है। प्रकरण में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की बात कही।

# बैंक कर्मी बनकर युवक के खाते से ठग ने उड़ाए 3. 29 लाख

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** ठग ने खुद को बैंक कर्मी बताकर एक युवक से 3.29 लाख रुपये ठग लिए। प्रेम नगर पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रजलोक कॉलोनी निवासी मुरली मनोहर अग्रवाल ने बताया कि 24 जनवरी को उसके पास पीएनबी बैंक एक्शन का लिंक आया। उसके बाद एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम राजेश मिश्रा बताते हुए खुद को बैंक कर्मी बताया। कॉल करने वाले ने उससे डेबिट कार्ड व अन्य डिटेल ले ली। एक-एक लाख रुपये की तीन फिक्स डिपाजिट को बंद कराकर खाते से रुपये उड़ा लिए गए। कुल 3.29 लाख रुपये की ठगी उसके साथ हुई। पीड़ित ने कॉल करने वाले राजेश मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com



# रायबाकिना ने जीता खिताब

## एलेना रायबाकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी सबालेंका को हराया

रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता

**मेलबर्न, वार्ता।** एलेना रायबाकिना ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को शनिवार को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया, जिससे उन्होंने 2023 में यहां चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। चार साल पहले उन्होंने पहला सेट जीता था लेकिन फाइनल तीन सेट में हार गई थीं। इस बार, पहले गेम में ब्रेक लेने और पहला सेट जीतने के बाद, उन्होंने दूसरा सेट हारने और तीसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने लगातार पांच गेम जीते और फिर अपने पहले चैंपियनशिप पॉइंट पर एक ऐस के साथ मैच खत्म किया। यह पांचवीं सीड रायबाकिना का दूसरा बड़ा खिताब था, जिन्होंने 2022 में विबलडन जीता था और चार साल पहले उस ऑस्ट्रेलियन फाइनल में मुकाबले में एकमात्र मेजर विजेता के तौर पर पहुंची थीं। जबकि सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार जीत और 2024 और 25 में यूएस ओपन में जीत सहित तीन और मेजर खिताब जीते, रायबाकिना के नतीजे खराब हो गए और वह इस टूर्नामेंट तक किसी और मेजर फाइनल में नहीं पहुंचीं। पिछले नवम्बर में सीजन के आखिर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका पर जीत ने उनके करियर की दिशा बदल दी है। रायबाकिना ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और उनकी सर्विस मजबूत थी, जिसमें छह ऐस थे और दूसरे सेट के आखिर और तीसरे सेट की शुरुआत में दो ब्रेक को छोड़कर - उन्होंने अपने सामने आए छह ब्रेकपॉइंट मौकों में से छह को बचाया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, सबालेंका की चीखें और दहाड़ें तेज होती गईं और उनका जोश भरा ष्चलो चलते हैं खुद को प्रोत्साहित करना नियमित हो गया, रायबाकिना ने एक शांत, लगभग गंभीर, संयम बनाए रखा। आखिर में, उन्होंने अपनी सर्विस और अपने रिटर्न को बात करने दिया। मैच के बाद दोनों ने नेट पर एक-दूसरे को गले लगाया। रायबाकिना ने अपने बाएं हाथ से अपने रैकेट की स्ट्रिंग्स पर ताली बजाई और जीत के साथ भीड़ की ओर अपना हाथ ऊपर उठाया।



### संक्षिप्त खेल समाचार

## शाहबाज की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रौंदा

**रोहतक, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में शनिवार को 188 रन से रौंद दिया। बंगाल ने हरियाणा के सामने 294 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 105 रन पर सिमट गई। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले शाहबाज ने दूसरी पारी में भी अपनी लय जारी रखते हुए 38 रन देकर छह विकेट झटके। शाहबाज को मैच में कुल 11 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## आयरलैंड ने यूएई को 30 रन से हराया सीरीज जीती



**दुबई, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (नाबाद 54) के शानदार अर्द्धशतक और गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी से आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दूसरे टी 20 मुकाबले में शनिवार को 30 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। आयरलैंड ने सात विकेट पर 170 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने के बाद यूएई को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। कर्टिस कैमफर को 41 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनी नाबाद 54 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मार्क ऐडेर ने आयरलैंड की पारी में तीन छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन का योगदान दिया। कर्टिस कैमफर और मार्क ऐडेर ने आठवें विकेट के लिए 69 रन की मैच विजई अविजित साझेदारी की।

## आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्रॉफी का कुलदीप के स्कूल में गर्मजोशी से इस्तकबाल

- **स्कूली बच्चों ने भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की**

**कानपुर, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव के स्कूल करम देवी मेमोरियल अकादमी (केडीएमए) पहुंची जहां स्कूली बच्चों ने ट्राफी का गर्मजोशी से स्वागत किया और भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की। कड़ाके की ठंड की परवाह किए बगैर आज सुबह से ही स्कूली बच्चे ट्राफी के इंतजार में कतारब( खड़े थे। ट्राफी के मंच तक पहुंचते ही 'कुलदीप कुलदीप' और भारतीय टीम की जीत की कामना करते हुए नारे लगने लगे। इस अवसर पर केडीएमए के चेयरमैन डा संजय कपूर ने कुलदीप के पिता राम सिंह यादव और कोच कपिल पांडे व स्कूल के कोच मनीष मेहरोत्रा का सम्मान किया। गौरतलब है कि आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्राफी इन दिनो भारत भ्रमण पर है। बीसीसीआई ने ट्राफी को टी-20 विश्वकप में चुनी गई टीम के हर सदस्य के स्कूल में ले जाने का फैसला किया है। कुलदीप के सहपाठी और स्कूल में सहायक कोच आदित्य पाठक ने विश्वास जताया कि भारतीय टीम विश्व. कप में शानदार प्रदर्शन करेगी और विश्वकप पर कब्जा करेगी।

## पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन की खिताब की तलाश में कार्लोस अल्काराज

**जोकोविच की नजर 25वें मेजर खिताब पर**

- **16 साल के अंतर वाले कार्लोस और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर**

**मेलबर्न, वार्ता।** सेमीफाइनल में मैराथन मुकाबलों से बच निकलने के बाद, कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोको. विच अब रविवार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में इतिहास का अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 16 साल के अंतर वाले अल्काराज और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर हैं, और बहुत अलग-अलग मील के पत्थर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 22 साल के अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। उनके रास्ते में 38 साल के जो. कोविच हैं, जो इतिहास के सबसे सफल पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। सर्बियाई खिलाड़ी के पास सीजन के पहले मेजर में उतने ही ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी हैं जितनी हार (10) और अब वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रद. राज चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में जोको. विच ने कहा कि जब भी हम खेलते हैं, हम दोनों के लिए इतिहास दांव पर होता है। ग्रैंड स्लैम का फाइनल, इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, लेकिन यह मेरे खेले गए किसी भी दूसरे बड़े मैच से अलग नहीं है। बहुप्रतीक्षित फाइनल यह सवाल भी खड़ा करता है: कौन सा खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत लगाकर एक और प्रयास कर सकता है? अल्काराज ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमी-फाइनल जीता, जिसमें उन्होंने पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच घंटे, 27 मिनट के रोमांचक मैच में हराया। स्पेनिश खिलाड़ी ने बाद में कहा कि हमने अपने शरीर को उसकी सीमा तक धकेल दिया। इस बीच, जोकोविच ने दो बार के डिफेंडिग चैंपियन जानिक सिनर को चार घंटे और नौ मिनट के बाद हराया, एक ऐसा क्लासिक मैच जिसे सर्बियाई खिलाड़ी ने षपिछले एक दशक में मेरे सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक बताया। जोकोविच ने अल्काराज के बारे में कहा कि जैविक रूप से, मुझे लगता है कि उसके लिए रिकवर करना थोड़ा आसान होगा। मेरी तैयारी वैसी ही है जैसी होनी चाहिए, और पिछले साल मैंने यहीं एक कड़े मैच में उसे हराया था। देखते हैं कि हम दोनों कितने फ्रेश रह पाते हैं। कार्लोस ने पिछले साल के यूएस ओपन में अपने सबसे हालिया मुकाबले में जोकोविच को हराया था, फिर भी मैच के बाद सर्बियाई खिलाड़ी की फिटनेस की खूब तारीफ की, और कहा कि वह शारीरिक रूप से 25 साल का लगता है, इसलिए 38 साल की उम्र में उस लेवल को बनाए रखना प्रभावशाली है। अल्काराज और जोकोविच के बीच उनकी पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता में अंतर बहुत कम रहा है। सिर्फ 12 महीने पहले, नोवाक ने रॉड लेवर एरिना में अल्काराज को हराया था, जहां वे रविवार को स्थानीय समय के अनुसार शाम को मुकाबला करेंगे। एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच अल्काराज से 5-4 से आगे हैं, लेकिन उन्होंने मेजर में अपने पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं। पिछले सितम्बर में न्यूयॉर्क में अल्काराज से हारने के बाद, नोवाक ने कार्लोस अल्काराज - सिनर का सामना करने के बारे में खुलकर बात की, जिन्होंने मिलकर पिछले आठ मेजर जीते हैं।

## एशिया कप में हार के बाद पाकिस्तान से बाजी पलटना चाहेगा भारत

**जिम्बाब्वे, वार्ता।** क्रिकेट के शौकीनों के लिए एक ट्रीट है क्योंकि क्वींस स्पोर्ट्स क्लब अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 में एक रोमांचक सुपर-सिक्स मुकाबले की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। बिना हारे भारत अंडर19 रविवार को एशिया कप जीतने वाली पाकिस्तान की अंडर19 टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा, रोमांच और ऐसा युवा जोश होगा जो सिर्फ अंडर19 क्रिकेट ही दे सकता है। जब भारत और पाकिस्तान मिलते हैं, तो बादल भी देखने के लिए रुक जाते हैं। हर गेंद, हर बाउंड्री, हर विकेट इतिहास और गर्व का वजन लिए होता है। भारत अंडर19 अब तक बहुत बढ़िया रहा है। भरोसेमंद विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू पारी की शांत धड़कन रहे हैं, और उन्होंने संयम और सटीकता के साथ टीम को संभाला है।

- **भारत बिना हारे अंडर-19 आज एशिया कप जीतने वाली टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा व रोमांच और युवा जोश होगा**

शानदार स्ट्रोक-मेकर वैभव सूर्यवंशी ने अग्रेसिव और सोचे-समझे शॉट्स से टॉप ऑर्डर को हिला दिया है, जबकि हेनिल पटेल समय पर ब्रेकथ्रू और स्मार्ट वैरिएशन से विरोधी बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना बन गए हैं। कैप्टन आयुष म्हात्रे ने अपनी टीम को स्ट्रैटेजी और हिम्मत के साथ तैयार किया है, जिससे यह पक्का होता है कि इंडिया की लगातार जीत का सिलसिला बना रहे और हर मैच के साथ युवा खिलाड़ियों का कॉन्फिडेंस बढ़ता रहे। एशिया कप जीतने के बाद जोश से भरी पाकिस्तान अंडर19 टीम, जोश और आंखों में आग लेकर आती है। फॉर्म में चल रहे ओपनर समीर मिन्हास में अकेले दम पर मैच



जिताने की ताकत और टेम्परामेंट है, जबकि अली रजा की शानदार स्विग और सीम बॉलिग किसी भी बैटिग लाइनअप को हिला सकती है। पाकिस्तान के कैप्टन फरहान यूसुफ शांत अग्रेसन के साथ लीड करते हैं, जिसमें टैक्टिकल स्किल के साथ दबदबा बनाने की भूख भी शामिल है। एशिया कप जीत ने कॉन्फिडेंस में एक और लेयर जोड़ी है, लेकिन वर्ल्ड कप में इंडिया का सामना करना एक अलग जंग का मैदान है, जिसमें फोकस, लचीलापन और टैलेंट की जरूरत होती है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, जिसका बैलेंस्ड विकेट चेज करने वाली टीमों के लिए फायदेमंद है, एक मजेदार मुक. ाबले के लिए माहौल तैयार करता है। धूप वाला आसमान और हल्की हवाएं क्रिकेट के लिए लगभग परफेक्ट हालात का वादा करती हैं, लेकिन टॉस निर्णायक हो सकता है, जिससे मैच का नतीजा तय हो सकता है। एनालिस्ट इंडिया अंडर19 के जीतने की 74 प्रतिशत संभावना बता रहे हैं, लेकिन क्रिकेट एक ऐसा खेल है जहां एक ओवर, एक इनिग, एक स्ट्रोक जदिगी भर की कहानी बदल सकता है! दांव बहुत बड़े हैं। इंडिया एशिया कप में मिली हार का बदला लेना चाहता है, जबकि पाकिस्तान ग्लोबल स्टेज पर अपने चैंपियन होने का सबूत देना चाहता है।

## कमिंस टी-20 विश्व कप से बाहर

- **पैट कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं, जो विश्व कप में खेल सके**

**सिडनी, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है, जब स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिस पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और वह 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले इस ग्लोबल इवेंट में नहीं खेल पाएंगे। टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी मूल 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर दिया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को संशोधित टीम में शामिल किया गया है। नेशनल सिलेक्टर टोनी डोडमाइड ने कहा कि ए बदलाव खिलाड़ियों की फिटनेस और टूर्नामेंट के दौरान संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। डोडमाइड ने कहा कि पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए और समय चाहिए, इसलिए बेन एक तैयार विकल्प हैं जो बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी का विकल्प, मजबूत फील्डिग और निचले क्रम में बल्लेबाजी की क्षमता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ड्वारशुइस की अच्छी गति से गेंद को स्विंग कराने और वेरिएशन का इस्तेमाल करने की क्षमता उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होगी। रेनशॉ को शामिल करने पर, डोडमाइड ने कहा कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाल के दिनों में सभी फॉर्मेट में प्रभावित किया है और मध्य क्रम को



अतिरिक्त मजबूती देता है, खासकर श्रीलंका में पूल चरणों के दौरान स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैट ने ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन हीट के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में विभिन्न भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनकी बाएं हाथ की बल्लेबाजी भी मध्य क्रम को एक अलग पहचान देती है। टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे और वे उस खिताब को फिर से हासिल करना चाहेंगे जो उन्होंने आखिरी बार 2021 में जीता था।

ऑस्ट्रेलिया टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

## चीन की झांग और मर्टेंस ने महिला युगल का खिताब जीता



**मेलबर्न, वार्ता।** चीन की झांग शुआई ने एलिस मर्टेंस के साथ मिलकर शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीता।

चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने धीमी शुरुआत और कुछ देर की घबराहट पर काबू पाते हुए रॉड लेवर एरिना में एक घंटे और 48 मिनट में 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। यह बेल्जियम की मर्टेंस और झांग की जोड़ी के लिए पहला बड़ा खिताब है, जो 2022 में विबलडन में उपविजेता रही थीं। पूर्व नंबर 2 डबल्स खिलाड़ी झांग ने पहले 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2021 यूएस ओपन ऑस्ट्रेलियाई सामंथा स्टोसुर के साथ जीता था। यह डैनिलिना और क्रूनिक के लिए निराशाजनक था, जो पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थीं। कजाख-सर्ब जोड़ी ने तेज शुरुआत की, पहले गेम में झांग की सर्विस टूट गई और उसके तुरंत बाद मर्टेंस भी अपनी सर्विस नहीं बचा पाईं।

## हरियाणा थंडर्स ने फाइनल में जगह बनाई

- **चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले में हरियाणा को अंत तक चुनौती दी**

**नोएडा, वार्ता।** पहले सेमीफाइनल में हरियाणा थंडर्स ने संयमित और जुझारू प्रदर्शन करते हुए पंजाब रॉयल्स को 5-4 से हराया और प्रो रेसलिग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। शुक्रवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में, लीग चरण को चार जीत और आठ अंकों के साथ शीर्ष पर खत्म करने वाली हरियाणा ने शुरुआती दबाव झेलने के बाद दूसरे हाफ में मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से पलट दी-जिससे सीजन की सबसे निरंतर टीम होने का दावा और मजबूत हुआ।

लीग चरण में चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने नौ बाउट्स के इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को अंत तक कड़ी चुनौती दी। परविदंर को उनकी अहम वापसी जीत के लिए



इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पंजाब की लय को तोड़ा। 76 किग्रा महिला बाउट में शानदार जीत के लिए फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रिया मलिक को मिला। वहीं 62 किग्रा मुकाबले में निर्णायक फॉल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान इरीना कोलियादेंको को दिया गया, जिसने हरियाणा के फाइनल में प्रवेश की नींव रखी। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में पंजाब ने पहले बढ़त बनाई, जहां चिराग छिक्कारा ने रोहित के खिलाफ शुरुआती एक्सचेंज पर नियंत्रण रखा। पीरियड 1 में निर्णायक टेकडाउन से चिराग आगे रहे और बाद में रोहित के पैसिविटी प्वाइंट के बावजूद 2-1 की करीबी जीत दर्ज की। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में हरियाणा ने तुरंत जवाब दिया-परविदंर ने चंदरमोहन के खिलाफ दूसरे पीरियड में जोरदार वापसी की। एक्टिविटी प्वाइंट और पुश-आउट्स से पीछे रहने के बाद, परविदंर ने निर्णायक टेकडाउन और पावर मिनट में लेट पुश-आउट के साथ 8-8 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर बाउट अपने नाम की। हेवीवेट मुकाबले में पंजाब ने फिर बढ़त ली, जहां कप्तान दिनेश धनखड़ ने अनिरु( गुलिया को 8-6 से हराया। मुकाबला अंत तक कड़ा रहा-शुरुआती दौर में पुश-आउट्स और एक्टिविटी प्वाइंट्स के बाद पावर मिनट में दोनों ने बड़े टेकडाउन लगाए, जहां धनखड़ का कुल स्कोर निर्णायक साबित हुआ। 76 किग्रा महिला वर्ग में पंजाब की बढ़त और मजबूत हुई, जब प्रिया मलिक ने सीजन में पहली बार काजल धोचक को हराया। प्रिया के आक्रामक खेल ने 99 सेकंड के भीतर फॉल दिलाया और स्कोर 3-1 कर दिया। हरियाणा की वापसी 86 किग्रा पुरुष बाउट से शुरू हुई, जहां अशिरोव अशराफ ने संदीप मान को 5-1 से हराया।

## सैम करन की टी-20 हैट्रिक इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया



**पल्लेकेले, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी-20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। जॉर्डन ने 2024 आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी हैट्रिक ली थी। बाएं हाथ के ऑलराउंडर के अहम स्पेल ने श्रीलंका को 133 रन पर रोक दिया, जिसके बाद इंग्लैंड ने ओपनर फिल साल्ट (46) और टॉम बैंटन (29) के योगदान से बदला हुआ टारगेट हासिल कर लिया। करन का यह परफॉर्मेंस 7 फरवरी से शुरू होने वाले पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक एक हफ्ते पहले आया है, और इससे इंग्लैंड को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने में सही समय पर मदद मिली है। मैच के बाद करन ने इंग्लैंड क्रिकेट से कहा कि यह कहना बहुत अच्छा है कि मैंने हैट्रिक ली है, लेकिन पहले कुछ ओवरों में थोड़ी मुश्किलों के बाद पर्सनली यह एक अजीब रात थी!टी 20 में बहुत उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। एक शानदार जीत, हम अपनी पहली टी-20 जीत से बहुत कॉन्फिडेंस लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वाकई खास, जब मैं टॉप पर था।



असम। गुवाहाटी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले विक्रेता सूखे मेवे बेचता हुआ।

## हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान, जोखिम को जन्म न दे: अमेरिका

**टैंपा ( फ्लोरिडा )।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान ( सेंटकॉम ) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर ( आईआरजीसी ) से अनुरोध किया है कि वह रविवार से हरमुज की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि सेंटकॉम आईआरजीसी से आग्रह करता है कि वह घोषित नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आजादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस ने नूरजहां का ताजमहल नेकलेस पहना

## करीब 74 करोड़ कीमत, 54 साल पहले अमेरिकी अभिनेत्री को उनके पांचवें पति ने गिफ्ट किया था

**कैलिफोर्निया।** हालीवुड एक्ट्रेस मार्गोट राबी ने बेगम नूरजहां का 400 साल पुराना नेकलेस (हार) पहना जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। वह अपनी आगामी फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रचार के लिए बुधवार को रेड कार्पेट पर ग्लैमरस लुक में दिखीं। राबी ने लास एंजिल्स में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर एक शानदार गाउन पहना था। यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने।

यह 69.42 कैरेट का हार्ट शेप का टेबल-कट डायमंड है और इसे गोल्ड और रूबी से बनी कार्टियर चेन में सेट किया गया है। इस नेकलेस की कीमत लगभग 8 मिलियन डालर (करीब 74 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह नेकलेस 54 साल पहले, 1972 में अमेरिकी एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर के पांचवें पति रिचर्ड बर्टन ने उनके 40वीं जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर



■ यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने

में फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में बुधवार को फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था मुमताज महल की याद में बने मकबरे ताज महल के नाम से इस शानदार नेकलेस का नाम 'ताज महल डायमंड नेकलेस' पड़ा। ताज महल डायमंड की असली कहानी और भी रोचक है। इसे मुगल सम्राट शाह जहांगीर ने अपनी पत्नी नूरजहां को गिफ्ट किया था। यह दिल के आकार का डायमंड 17वीं सदी का है, जिस पर फारसी भाषा में 'प्यार हमेशा बना रहता है' लिखा है। इस पर नूरजहां का नाम भी उकेरा गया है। बाद में यह उनके बेटे शाहज. हां के पास पहुंचा, जिन्होंने इसे अपनी पत्नी मुमताज महल को दिया।

मुमताज की मौत के बाद शाहजहां ने ताजमहल बनवाया, जिसके कारण इस डायमंड को ताज महल डायमंड कहा जाने लगा। नूरजहां मुगल साम्राज्य की सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली बेगम थीं। कहा जाता है कि वह मुगल सम्राट जहांगीर की 20वीं पत्नी थी। उन्होंने 1611 में मुगल सम्राट जहांगीर से शादी की। जहांगीर ने उन्हें पहले नूर महल (महल की रोशनी) और बाद में नूरजहां (दुनिया की रोशनी) का खिताब दिया। वह मुगल इतिहास में इकलौती ऐसी बेगम थीं जिनके नाम पर सिक्के ढाले गए, फरमान जारी किए गए और उन्होंने दरबार में जहांगीर के साथ बैठकर शासन चलाया। नूरजहां मुगल दरबार में फैशन और स्टाइल की रानी मानी जाती थीं। उन्होंने खुद डिजाइनर की तरह काम किया और कई नए फैशन ट्रेंड शुरू किए। उन्होंने नूरमहली ड्रेस जैसी खास पोशाकें डिजाइन कीं, जो हल्की, फ्लोरल पैटर्न वाली काटन और मलमल से बनी होती थीं। उन्होंने बदला किनारी, पंचतोलिया (पांच रंगों वाली महीन कपड़े) और दुदामी जैसे नए टेक्सटाइल और फैब्रिक्स को पापुलर किया। वे परफ्यूम बनाने में माहिर थीं और अत्रि जहांगीरी नाम का अपना स्पेशल इत्र बनाती थीं, जो गुलाब के तेल से तैयार होता था। उनके स्टाइल में फारसी, मुगल और सेंट्रल एशियन प्रभाव का मिश्रण था। नूरजहां मुगल इतिहास की सबसे अमीर और स्वतंत्र रूप से धनी बेगमों में से एक थीं।

# बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला

## 10 पुलिसकर्मियों की मौत, डिप्टी कमिश्नर को किडनैप किया, जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं।

क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है। बीएलए ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके। बीएलए लड़ाकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर ये दावा किया है कि उन्होंने क्वेटा के एक बाजार इलाके पर



■ शहबाज शरीफ ने कहा: हमलों को नाकाम कर दिया, हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया

कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारबंद आतंकी बाजार में घुस आए और कुछ समय के लिए पूरे इलाके पर उनका नियंत्रण रहा। हालांकि, इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। क्वेटा में एएफपी के एक पत्रकार ने बताया कि शहर में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। पूरे शहर में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई, मुख्य सड़कें सुनसान रहीं और कारोबार ठप हो गया। 38 साल के निजी कर्मचारी अब्दुल वली ने बताया कि सुबह से लगातार धमाके हो रहे हैं।

उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें खून की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि पुलिस हम पर बंदूक तानती है और कहती है वापस जाओ, वरना मारेंगे। ऐसे में हम क्या करें? ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब एक दिन पहले ही सेना ने दावा किया था कि उसने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग अभियानों में 41 विद्रोहियों को मार गिराया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें और पूरे देश को अपने शहीदों पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इन हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे गरीब प्रांत है, जबकि यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के मामले में यह देश के बाकी हिस्सों से काफी पीछे है। यह इलाका लंबे समय से हिंसा और विद्रोह से जूझ रहा है। यह खनिज संसाधनों से भरपूर दक्षिण-पश्चिमी प्रांत है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। यहां लड़ाके अक्सर सरकारी बलों, विद. ेशी नागरिकों और दूसरे प्रांतों से आए लोगों को निशाना बनाते हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) बलूचिस्तान का सबसे सक्रिय अलगाववादी संगठन माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में बलूच अलगाववादियों ने दूसरे प्रांतों से आए पाकिस्तानी मजदूरों और विदेशी कंपनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका आरोप है कि ये लोग और कंपनियां बलूचिस्तान के संसाधनों का शोषण कर रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं।

## पाक पीएम बोले: कर्ज मांगने में अब आती है शर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नारा. जगी जताई है। शहबाज ने माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार.बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते। शहबाज ने यह भी कहा कि कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान आईएमएफ से मदद और पुराने कर्ज को रोलओवर (आगे बढ़ाने) की कोशिश कर रहा है। पीएम शहबाज के बयान से जाहिर है कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय मदद पर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुका है। शहबाज ने चीन को 'हर मौसम का दोस्त' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर ने भी अच्छे-बुरे हर वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है।



■ दूसरे देशों के सामने हमारा सिर झुका रहता है, उनकी शर्तें मानना हमारी मजबूरी: शहबाज शरीफ

# ईरान के गृह मंत्री और शीर्ष अधिकारियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी प्रदर्शन के बाद अमेरिका ने ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी प्रशासन पर हिंसक कार्रवाई के लिए ये सभी जिम्मेदार थे। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मोमेनी ईरान इस्लामिक गणराज्य के हत्यारे कानून प्रवर्तन बल का संचालन करते हैं, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या के लिए जम्मिेदार है।

बयान में अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने कहा कि आज अमेरिका के वित्त मंत्रालय के विद. ेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरानी लोगों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अतिरिक्त कार्रवाई की। जिन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी शामिल हैं।ष्इन प्रतिबंधों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और ईरानी व्यवसाई बाबक मोर्तेजा जंजानी को भी निशाना बनाया गया है, जिन पर ईरानी लोगों से अरबों डॉलर के गबन का आरोप है। मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के प्रतिबंधों के तहत नामित व्यक्तियों या संस्थाओं की कोई भी संपत्ति जब्त कर दी जाती है और अमेरिकी नागरिकों तथा कंपनियों को उनके साथ व्यापार करने से मना किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जंजानी ने आईआरजीसी और व्यापक ईरानी शासन का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को आर्थिक रूप से समर्थन दिया है। ओएफएसी ने पहली बार जंजानी से जुड़े दो डिजिटल संपत्ति विनिमय नामित किए। यह ईरानी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले डिजिटल एसेट विनिमय के खिलाफ उसकी पहली कार्रवाई है। मंत्रालय के सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि एक समृद्ध ईरान बनाने के बजाय शासन ने देश के तेल राजस्व के बचे हुए हिस्से को परमाणु हथियारों के विकास, मिसाइलों और दुनिया भर में आतंकवादी संगठन पर बर्बाद करना चुना है।

■ मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी

## ईरान बातचीत के लिए तैयार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया।

उन्होंने ईरान के पास एक अमे. रिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जक्रि करते हुए कहा कि उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन उन्होंने साफ तौर पर जोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी। फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमे. रिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है। अराघची ने कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताएं कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी। ये बयान ट्रम्प की तरफ से बार-बार दी जा रही चेताव. नियों के बीच आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी मांगों को पूरा नहीं करता है, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसा. इल विकास पर रोक शामिल है, तो संभावित सैन्य कार्रवाई की जा सकती है।

■ अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है

## पूर्वोत्तर नाइजीरिया में बोको हरम के हमले में 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में निर्माण मजदूरों के एक समूह पर बोको हरम के संदिग्ध आतंकवादी हमले में 25 लोगों के मारे जाने और अन्य के घायल होने की आशंका है। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने देश के उस हिस्से में सत्तारूढ़ ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस पार्टी के एक नेता अलीऊ जैफादा के जानिब बताया कि गुरुवार को मैदुगुरी-डांबोआ सड़क पर वाजिर्को गांव में इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन शवों को दफनाया गया। सभी पीड़ित निर्माण मजदूर थे जो बोको हरम के पिछले हमलों में क्षतिग्रस्त हुए एक पुल की मरम्मत कर रहे थे।

# इजरायली हमले में 31 फलस्तीनियों की मौत

## 4 महीने में सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला

**गाजा/जोहान्सबर्ग।** गाजा में शनिवार को इजरायली हमलों में कम से कम 31 फलस्तीनी मारे गए। अक्टूबर में लड़ाई रो. कने के लिए हुए सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला है। इजरायल ने गाजा सिटी की एक रिहायशी इमारत और खान यूनिस में लगे एक टेंट कैंप पर हुए घातक हमले शामिल हैं। मारे गए लोगों में दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं, जो दो अलग-अलग परिवारों से थे।

गाजा सिटी में एक पुलिस स्टेशन पर हवाई हमला भी हुआ, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की बात शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया ने कही। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह क्रासिंग रविवार को खोलने की तैयारी है। यह क्रासिंग गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिकॉर्ड किया है कि 10 अक्टूबर से सीजफायर शुरू होने के बाद इजरायली फायरिंग से 500 से ज्यादा फलस्तीनी मारे



■ दक्षिण अफ्रीका ने इजरायली राजनयिक को देश छोड़ने का दिया आदेश

गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के राजनयिक 'चार्ज डी अफेयर्स' एरियल सेडमैन को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान (प्रतिस्पर्धी) कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा 'कूटनीतिक मानदंडों और प्रथाओं के अस्वीकार्य उल्लंघनों की शृंखला' के बाद लिया गया है, जो देश की संप्रभुता के लिए 'सीधी चुनौती' है। विभाग के अनुसार, राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के खिलाफ आधिकारिक इजरायली सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक टिप्पणियां करना और पूर्व सूचना के बिना वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों का कथित यात्राओं पर जाना इन उल्लंघनों में शामिल है। बयान में किसी एक विशिष्ट घटना का उल्लेख नहीं किया गया। दक्षिण अफ्रीका की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, नवम्बर 2025 में इजरायली दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में इजरायल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर मामले को 'दक्षिण अफ्रीकियों के लिए शून्य मूल्य' और 'पूरी तरह राजनीतिक नाटक' करार दिया था। उसी महीने, जब राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बहिष्कार से जी-20 जोहान्सबर्ग सम्मेलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, तो दूतावास ने उनकी टिप्पणी को व्यंग्यात्मक लहजे में 'बुद्धिमत्ता और कूटनीतिक स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण' बताया था। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि सेडमैन की कार्रवाइयां 'कूटनीतिक विशेषाधिकारों का घोर दुरुपयोग और वियना कन्वेंशन का मूलभूत उल्लंघन' हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक विश्वास और प्रोटोकॉल कमजोर हुए हैं। विभाग ने इजरायल से भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक सिद्धांतों का सम्मान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। दक्षिण अफ्रीका और इजरायल के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर 1990 के दशक से फलस्तीनी मुद्दे पर प्रिटोरिया के मुखर समर्थन के कारण।

# कनाडा के दुश्मनों से मिले अमेरिकी अधिकारी

## अल्बर्टा को आजाद देश बनाने की कोशिश में अलगाववादी, पीएम कार्नी बोले: आंतरिक मामलों में दखल बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन। कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में एक नया विवाद शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका के अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे अलगाववादी समूह के नेताओं से मुलाकात की। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुता. बिक, पिछले साल अप्रैल से अब तक अमे. रिकी विदेश विभाग के अधिकारी तीन बार अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं से मिले।

ये नेता अल्बर्टा को कनाडा से अलग कर एक स्वतंत्रा देश बनाने की वकालत कर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा। कार्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा। कनाडा से आजादी की मांग कर रहे इस समूह का नाम अल्बर्टा प्रास्पेरिटी प्रोजेक्ट (एपीपी) है। यह



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा: कार्नी

संगठन अल्बर्टा की आजादी के लिए जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराने की मांग कर रहा है। एपीपी के नेता और को-फाउंडर जेफ्री रथ ने अल्बर्टा की आजादी के लिए अमेरिका से 500 मिलियन डालर की मदद मांगी है। उन्होंने 23 जनवरी को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वे अगले महीने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अमेरिका से इस रकम को कर्ज के तौर पर मांगा जाएगा। बीबीसी से बातचीत में जेफ्री ने बताया कि अल्बर्टा के आजाद होने पर इस पैसे का इस्तेमाल किया जाएगा। अल्बर्टा पश्चिमी कनाडा का तेल-समृद्ध प्रांत है। इसकी आबादी करीब 50 लाख है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यहां कनाडा के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा निकलता है। यह प्रांत लंबे समय से खुद को एनर्जी प्रांत के रूप में देखता रहा है। अलगाववादियों का कहना है कि कनाडा सरकार की जलवायु नीतियां अल्बर्टा के तेल उद्योग को नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका आरोप है कि अल्बर्टा से सरकार को भारी टैक्स मिलता है, जबकि बदले में राज्य को कम आर्थिक सहायता मिलती है। रिपोर्च के मुताबिक अल्बर्टा में लोग परंपरावादी है, जबकि कनाडा के दूसरे राज्यों में उदार आबादी ज्यादा है। इससे उनकी रूढ़िवादी आवाज दब जाती है।

## अमेरिकी सरकार में आंशिक शटडाउन शुरू जल्द समाधान की उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कांग्रेस आधी रात की फंडिग डेडलाइन से पहले 2026 का बजट पास करने में नाकाम रही, जिसके बाद शनिवार को अमे. रिकी सरकार का आंशिक शटडाउन शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के लिए नई फंडिग पर बातचीत तब रुक गई, जब डेमोक्रेटिक पार्टी ने मिनियापोलिस में संघीय इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दो प्रदर्शनकारियों की हत्या पर गुस्से में प्रतिक्रिया दी। उम्मीद की जा रही है कि ये व्यवधान सीमित होंगे, क्योंकि कांग्रेस अगले हफ्ते की शुरुआत में सीनेट समर्थित डील को मंजूरी देने के लिए आगे बढ़ेगा।

## नाबालिग लड़कियों का रोजाना रेप करता था एपस्टीन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफी एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी की हैं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़कियों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। डेली मेल के मुताबिक यह खुलासा 2010 में फ्लोरिडा में एक पीड़िता की तरफ से दायर सिविल शिकायत में हुआ है, जिसका जिक्र इन फाइल्स में है।

इसके अलावा कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। इन फाइल्स में पहली बार भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर और टेस्ला के सीईओ एलान मस्क का नाम भी आया है। ट्रम्प प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफी एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकार्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो शामिल हैं।

अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी की तरफ से जारी की गई एक बिना तारीख वाली तस्वीर में जेफी एप्स्टीन कुछ युवतियों के साथ दिख रहा है। यह तस्वीर दिसम्बर में जारी हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक, जब कोई लड़की एपस्टीन के पाम बीच स्थित घर पहुंचती थी, तो उसे एपस्टीन की प्राइवेट गाड़ी से लाया जाता था। घर पहुंचने पर एक सहायक लड़की की निजी जानक. ारी नोट करता था। इसके बाद उसे सीढ़ियों से ऊपर एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता था, जहां शावर और मसाज टेबल होती थी। अगर लड़की पहली बार आई होती थी, तो कमरे में पहले से एक और लड़की मौजूद रहती थी, जो उसे बताती थी कि क्या करना है। इसके बाद एपस्टीन उस लड़की को बाहर भेज देता था। एपस्टीन लड़कियों को साफ-साफ बताता था कि उसे क्या चाहिए और कैसे चाहिए। वह उन्हें कपड़े उतारने के लिए कहता था और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। कई बार वह लड़कियों को एक-दूसरे के साथ सेक्स रिलेशन बनाने के लिए मजबूर करता था। शिकायत दर्ज कराने वाली लड़की ने बताया कि उसकी पहचान एपस्टीन से 15 साल की उम्र में कराई गई थी।

■ सेक्स फाइल्स में खुलासा, जमीन पर लेटी महिला के साथ दिखे ब्रिटिश प्रिंस, मस्क-मीरा नायर का भी नाम



# शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा

**मुंबई।** अभिनेत्री पुष्पा का कहना है कि शो पुष्पा इम्पॉसिबल काम से ज्यादा एक बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा लगता है। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और आम जिंदगी से जुड़े किरदारों से लोगों का दिल जीत रहा है। यह शो अपनी लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की रोज़मर्रा की जीत और चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाता है, जिससे यह टेलीविज़न पर सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर में से एक बन गया है। यह शो न सिर्फ स्क्रीन पर गर्माहट लाता है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी एक मज़बूत, खुशहाल रिश्ते पर टिका है, जिसे प्रार्थना का किरदार निभाने रही पूजा कतुरडे बहुत ज्यादा पसंद करती हैं। ऑफ-स्क्रीन भी, कास्ट के बीच उतनी ही गर्मजोशी वाली दोस्ती है, जिससे सेट एक बड़े परिवार जैसा लगता है। पूजा ने बताया कि टीम ब्रेक के दौरान भी सेट पर ज्यादातर समय साथ बिताती है। अपने कमरों में वापस भागने के बजाय, एक्टर्स फ्लोर पर ही रहना पसंद करते हैं, बातें करते हैं, मज़ाक करते हैं और मज़ेदार गेम खेलते हैं, जो एनर्जी को हाई रखते हैं और माहौल को जिंदादिल बनाए रखते हैं। यह दोस्ती स्वाभाविक रूप से उनकी परफॉर्मेंस में झलकती है और शो के सहज आकर्षण में योगदान देती है। पूजा कतुरडे ने कहा, दर्शक स्क्रीन पर जो देखते हैं, हम ऑफ-स्क्रीन भी बिल्कुल वैसे ही हैं, एक बड़े, खुशहाल परिवार की तरह। सेट पर हमारा जो रिश्ता है, वह सच में बहुत खास है।

लोग अक्सर सोचते हैं कि ब्रेक मिलते ही एक्टर्स अपने कमरों में भाग जाते हैं। लेकिन हमारे लिए यह बिल्कुल उल्टा है। हम शायद ही कभी अपने कमरों में वापस जाते हैं, क्योंकि सेट ही हमारा कम्फर्ट ज़ोन बन गया है। हमारे ब्रेक आमतौर पर खत्म न होने वाली बातों, हंसी-मज़ाक और ऐसे मज़ेदार गेम से भरे होते हैं, जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

## स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट ने अपने ड्यूल अवतार पर की बात

**मुंबई।** अभिनेता नील भट्ट ने स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में अपने ड्यूल अवतार पर बात की है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन लाइनअप को मजबूत करने के लिए जल्द ही अपना नया शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम लॉन्च करने जा रहा है। सस्पेंस और इंट्रीग से भरा यह फैमिली ड्रामा आम घरेलू जिंदगी और एक खतरनाक सीक्रेट दुनिया को साथ जोड़ता नजर आएगा। रिलीज़ हुए प्रोमो में कहानी की एक झलक दिखाई गई है, जहां नील भट्ट डबल रोल में नजर आएंगे, एक तरफ शिवप्रसाद, एक जिम्मेदार पति, और दूसरी तरफ परशुराम, एक सीक्रेट स्पाई। इस खास रोल को लेकर नील ने अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और बताया कि इतने अलग-अलग किरदारों को निभाने का अनुभव उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प रहा है। शिवप्रसाद एक आम आदमी है, जो शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी का नाम शालिनी है। दूसरी तरफ, परशुराम एक जासूस है, और शालिनी को इस बात की भनक तक नही है कि उसका पति एक सीक्रेट एजेंट की तरह दोहरी जिंदगी जी रहा है। नील भट्ट ने अपने किरदार और पूरे अनुभव को लेकर बात करते हुए अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। उन्होंने कहा, इस शो में मुझे सबसे ज्यादा जो चीज़ पसंद आई, वह शिवप्रसाद का ड्यूल नेचर है, जिसके भीतर परशुराम बसता है। प्रोमो की शूटिंग के दौरान हमने तय किया कि घर के अंदर वह राम की तरह होगा शांत, धैर्यवान और समर्पित और बाहर की दुनिया में परशुराम मजबूत, निडर और फैसले लेने वाला।

## बॉर्डर 2 ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 224 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने भारतीय बाजार में अपने पहले सप्ताह में 224 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। फिल्म बॉर्डर 2, वर्ष 1997 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। फिल्म ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 224 करोड़ की कमाई की है।

# मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी इमोशंस से भरपूर: शांभवी



**मुंबई।** अभिनेत्री शांभवी का कहना है कि स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है।

स्टार प्लस के आने वाले शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में शालिनी का किरदार निभा रही शांभवी सिह इस प्रोजेक्ट को बेहद खास और क्रिएटिव तौर पर संतोष देने वाला बताती हैं। चैनल और शो के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए शांभवी ने कहा कि इसकी कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है। शांभवी सिंह ने कहा, यह वाकई बहुत खास और एक्साइटिंग लग रहा है।

मिस्टर एंड मिसेज परशुराम सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इमोशंस, रिश्ते और रोज़मर्रा की जद्दोजहद गहराई से जुड़ी हुई है, जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है। ऐसे शो का हिस्सा बनना जो दिल और रोमांच के बीच अच्छा बैलेंस बनाता हो, क्रिएटिव तौर पर बहुत सुकून देता है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला, जो एंटरटेन करने के साथ-साथ लोगों को इमोशनली भी छूता है। शांभवी सिंह ने कहा, शालिनी मजबूत होते हुए भी सौम्य है, जमीन से जुड़ी हुई है लेकिन उम्मीद से भरी हुई भी। वह प्यार, परिवार और ईमानदारी में गहराई से विश्वास करती है। उसकी ताकत किसी आक्रामकता से नहीं आती, बल्कि उसकी सहनशीलता, करुणा और इमोशनल समझ से आती है। वह ऐसी महिला है जो चुपचाप सबको जोड़कर रखती है और साथ ही अपने उसूलों के लिए मजबूती से खड़ी रहती है। मिस्टर एंड मिसेज परशुराम का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे, सिर्फ़ स्टार प्लस पर होगा।




# मदोनी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हुईं स्मृति मंधाना



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिल्म ष्मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हो गई हैं। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 के ट्रेलर में हर भारतीय बच्ची को बचाने का जो सशक्त संदेश दिया गया है, उसने कई लोगों को गहराई से छुआ है। स्मृति मंधाना ने कहा कि वह मर्दानी 3 की थीम से गहराई से जुड़ती हैं क्योंकि लड़कियों पर होने वाले कई अत्याचार अक्सर बिना कहे ही रह जाते हैं। स्मृति ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक छोटी लड़की की जिदगी अमूल्य होती है। लड़कियां बहुत कुछ सहती हैं, बहुत कुछ देखती हैं और अक्सर चुपचाप सहन करती हैं। हर बच्ची की सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जब समाज लड़कियों के लिए सुरक्षित होता है, तो वे आगे बढ़ती हैं, सपने देखती हैं और न सिर्फ़ अपने लिए बल्कि अपने परिवार और अपने देश के लिए भी जीतती हैं। स्मृति ने लिखा, मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर मैं अभिभूत हूं और मैं बस यही प्रार्थना करती हूं कि हम सब एक देश के रूप में मिलकर हर लड़की, हर महिला की रक्षा करें क्योंकि जो समाज किसी लड़की के साथ अच्छा व्यवहार नही करता, वह समाज कहलाने लायक नही होता। आइए मिलकर एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण करें। अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसी फिल्म के साथ रानी मुखर्जी अपने गौरवशाली करियर के 30 वर्ष भी पूरे कर रही हैं।



## भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का गाना मनजोगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का नया गाना मनजोगी रिलीज हो गया है। ज़ी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित, ज़ी स्टूडियोज़ और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा वास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गाना मनजोगी रिलीज़ किया गया है, जिसे अपनी सुरीली आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले सोनू निगम ने गाया है। मनजोगी के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत विशाल शेल्के ने दिया है। फिल्म भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन, का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। ज़ी स्टूडियोज़ इस फिल्म को 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ करने जा रहा है।

# कुब्रा ने मनाया फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। फिल्म देवा की रिलीज को एक साल पूरा होने पर कुब्रा सैत उस प्रोजेक्ट को याद कर रही हैं जिसने उन्हें गहराई से चुनौती दी और एक कलाकार ही नहीं, एक इंसान के तौर पर भी उन्हें गढ़ा।

फिल्म की पहली सालगिरह के मौके पर कुब्रा उस सफर पर नजर डाल रही हैं, जिसने वास्तविक लोकेशन्स में लंबे शूटिंग दिनों के साथ उनके भावनात्मक धैर्य की परीक्षा ली और उन्हें आगे बढ्ने में सहयोग दिया। कुब्रा ने कहा, फ़िल्म देवा ने मुझे थोड़ा तोड़ा और बहुत कुछ बना दिया। देवा की शूटिंग लगभग एक साल चली, जिसमें इंतज़ार, चीज़ों को समझने की कोशिश और असली थकान से जूझना शामिल था।

लेकिन एक सच यह भी है कि मुश्किल हालात अजीब तरह से आप पर काम करते हैं। वे आपको मज़बूत बनाते हैं, गहरे रिश्ते बनाते हैं और खुद के साथ एक सशक्त रिश्ता बनाने के लिए मजबूर करते हैं। देवा के एक साल पूरे होने के साथ यह फिल्म कुब्रा के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 2025 की उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज रही। यह एक ऐसा मुकाम है, जो सिर्फ़ पेशेवर उपलब्धि नही, बल्कि निजी विकास से भी जुड़ा है। फ़िल्म की सालगिरह पर कुब्रा देवा की पूरी टीम का, खासकर रॉय कपूर फ़िल्म्स का, दिल से शुक्रिया अदा करती हैं। उस सफ़र के लिए जिसने उन्हें और मज़बूत, ज़मीन से जुड़ा और निस्संदेह बदला हुआ इंसान बनाया।

